




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026








वर्ष 35 अंक 293 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 23 जुलाई 2024 डाक 24 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान शिव की आरती करते पुजारी



**देश-विदेश**

उन्नाव हादसे के बाद कटघरे में महोबा एआरटीओ, जांच में होश उड़ाने वाले तथ्य आए सामन, अधिकारियों में हड़कंप



**कोरिया पेज**

नदी पार कर स्कूली बच्चों से मिलने पहुंचे कलेक्टर




## आम बजट में बिहार और आंध्र प्रदेश के लिए खुला मोदी सरकार का खजाना

# नई टैक्स रेजीम में 3 लाख तक टैक्स नहीं 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक बिजली फ्री

### सस्ते होंगे मोबाइल फोन और चार्जर , छोटे कारोबारियों को बिना गारंटी लोन, कैंसर के इलाज की दवा पर कस्टम ड्यूटी नहीं



**नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।**

**मोदी सरकार 3.0 का पहला आम बज पेश किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवीं बार लोकसभा में बजट भाषण पढ़ी। उन्होंने बजट पेश करते हुए कहा कि देशवासियों को मोदी सरकार पर भरोसा है। इसके लिए तीन योजनाओं का ऐलान किया गया है। पीएम आवास योजना का विस्तार किया गया है। मुद्रा लोन की सीमा बढ़ाई गई है।**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुये कहा, मुझे 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्षों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और पहलों के प्रधानमंत्री पैकेज की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस वर्ष हमने शिक्षा, रोजगार और कौशल के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा, जैसा कि अंतरिम बजट में उल्लेख किया गया है, हमें 4 अलग-अलग जातियों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि किसानों के लिए हमने सभी प्रमुख फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा की है, जो लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मार्जिन के वादे को पूरा करते हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया, जिससे 80 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

वित्त मंत्री ने कहा, कृषि और सहायक सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ का ऐलान किया जा रहा है। सरकार नेशनल कॉपरेशन पॉलिसी लाने वाली है। वहीं, सब्जियों की पैदावार बढ़ाने के लिए सरकार क्लस्टर स्कीम लाएगी पहली नौकरी वालों के लिए एक लाख रुपए से कम सैलेरी होने पर EPFO में पहली बार रजिस्टर करने वाले लोगों को 15 हजार रुपए की मदद तीन किश्तों में मिलेगी। पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए सरकार पूर्वोदय योजना बनाई जाएगी। पूर्वोदय स्कीम में बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश शामिल। केंद्रीय बजट 2024-25 में हर साल 25,000 छात्रों की मदद के लिए मॉडल कौशल ऋण योजना में संशोधन का प्रस्ताव है। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए ई-वाउचर हर साल 1 लाख छात्रों को सीधे ऋण राशि के 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज छूट के लिए दिए जाएंगे। महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये। पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएं स्थापित की जाएंगी। राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पोलावरम सिंचाई परियोजना का समापन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम- हमारी सरकार ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए प्रयास किए हैं। राज्य की पूंजी की आवश्यकता को समझते हुए हम बहुपक्षीय एजेंसियों के माध्यम से विशेष वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करेंगे। चालू वित्त वर्ष में भविष्य के वर्षों में अतिरिक्त राशि के साथ 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाएगी। रोजगार व कौशल प्रशिक्षण से जुड़ी पांच योजनाओं के लिए दो लाख करोड़। केंद्रीय बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, सरकार 500 शीर्ष कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक योजना शुरू करेगी, जिसमें इंटर्नशिप भत्ते के रूप में 5000 रुपये प्रति माह और 6000 रुपये की एकमुश्त सहायता होगी। सरकार डेट रिकवरी के लिए ट्रिब्यूनल्स खोलने जा रही है। इसके अलावा देश में डिजिटल पब्लिक इंफ्रा एप्लीकेशन विकसित किए जाएंगे।

सीतारमण ने कहा, पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है। भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के हमारे प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और अन्य क्षेत्रों में भी अवसर खुलेंगे। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि मैं प्रस्ताव करती हूं कि गया में विष्णुपथ मंदिर और बोधगया में महाबोधि मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक है। हम उन्हें विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने के लिए सफल काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर वहां कॉरिडोर विकसित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। हम ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगे, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं।

सरकार ने तीन दवाओं से कस्टम ड्यूटी हटाई है। ये दवाएं कैंसर के इलाज में उपयोग होती हैं। बजट में सरकार ने नेचुरल फार्मिंग पर जोर दिया है। एक साल में 1 करोड़ किसानों को इससे जोड़ने के लिए योजना का एलान किया गया है। इसके लिए खेती में अनुसंधान, एक्सपर्ट की निगरानी, जलवायु के हिसाब से नई वैरायटी को बढ़ावा दिया जाएगा। 6 करोड़ किसानों की जमीन का ब्योरा लैंड रजिस्ट्री पर लाया जाएगा। 5 राज्यों में नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने एलान किया कि केंद्र सरकार शहरी आवास के लिए 2 लाख करोड़ की सहायता प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने बड़ा ऐलान किया कि 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक हर महीने बिजली फ्री मुहैया कराई जाएगी।

**ये चीजें होंगी सस्ती .....**

- मोबाइल फोन
- मोबाइल फोन चार्जर
- लिथियम बैटरी
- बिजली के तार
- एक्स रे मशीन
- सोना-चांदी के बने गहने

**टैक्स पर हुई ये घोषणाएं......**

- टैक्स एक्ट की समीक्षा की जाएगी।
- इनकम टैक्स व्यवस्था को आसान बनाया जाएगा।
- टीडीएस समय पर नहीं देना अब अपराध नहीं होगा।
- कैपिटल गेन टैक्स आसान किया जाएगा।

### इनकम टैक्स टेबल

| सालाना इनकम | इनकम टैक्स |
|---|---|
| ✷ 3 लाख तक | 0 प्रतिशत |
| ✷ 3-7 लाख तक | 5 प्रतिशत |
| ✷ 7-10 लाख तक | 10 प्रतिशत |
| ✷ 10-12 लाख तक | 15 प्रतिशत |
| ✷ 12-15 लाख तक | 20 प्रतिशत |
| ✷ 15 लाख से ऊपर | 30 प्रतिशत |

### बाजार को रास नहीं आया बजट, सेंसेक्स 1000 अंक फिसला, निफ्टी 24,150 अंक से नीचे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट से पहले घरेलू शेयर बाजार में हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे लोकसभा में बजट पेश करेंगी। इससे पहले घरेलू बेंचमार्क इंडेक्स सकारात्मक ढंग से कारोबार करते दिख रहे हैं। सुबह नौ बजकर 36 मिनट पर सेंसेक्स 28.52 (0.03 प्रतिशत) अंकों की बढ़त के साथ 80,555.17 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी में 17.41 (0.07 प्रतिशत ) अंकों की मजबूती के साथ 24,526.65 के स्तर पर कारोबार होता दिखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स में 200 अंकों की बढ़त दिखी जबकि निफ्टी 22550 के पार पहुंच गया पर ऊपरी स्तरों से बाजार में बिकवाली दिखी। बजट भाषण शुरू होते है बाजार में फिसलन शुरू हो गई। फिलहाल, बीएसई का सेंसेक्स 127 अंक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। जबकि निफ्टी में 53 अंकों की गिरावट नजर आई। वहीं बैंक निफ्टी में करीब 90 अंकों की कमजोरी देखने को मिली।











स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894


सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# मौसमी बीमारियों बुखार एवं उल्टी-दस्त होने पर स्वास्थ्य विभाग को तत्काल करें सूचित

## कलेक्टर ने उल्टी दस्त मलेरिया से संक्रमित व्यक्तियों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का किया आग्रह

कोरबा । बरसात के दिनों में उल्टी-दस्त एव मलेरिया महामारी के रूप में फैलने की संभावना बनी रहती है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारी के रोकथाम हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केशरी के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक क्षेत्र में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए युद्धस्तर पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पूर्ण करने हेतु सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। जिले के प्रत्येक स्तर के स्वास्थ्य केन्द्रों तथा मैदानी क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन व डिपोहोल्डर्स के पास जीवनरक्षक दवाईयों की उपलब्धता तथा सतत औषधियों की प्रतिपूर्ति व्यवस्था की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही स्वास्थ्य अमलों द्वारा शिविर लगाकर उपचार किया जा रहा है। मौसमी बीमारियों/महामारी के नियंत्रण हेतु जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर काम्बेट टीम का गठन किया गया है तथा उन्हें क्षेत्रों में सतत् भ्रमण कर निगरानी बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं। टीम द्वारा सूचना प्राप्त होते ही प्रभावित क्षेत्र में तत्काल चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा बीएमओ को मलेरिया या उल्टी-दस्त के संक्रमण की तत्काल सूचना प्रदान करने का आग्रह किया गया-

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजनों से जिले के किसी भी क्षेत्र में बुखार, मलेरिया या उल्टीदस्त के संक्रमण की शिकायत होने पर तत्काल मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को सूचना प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

डायरिया एवं मलेरिया से बचाव हेतु रखें इन बातों का ध्यान -

सीएमएचओ ने जनसामान्य को मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी देते हुए सदैव भोजन करने से पूर्व एवं शौच के पश्चात् हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने, घरों के आस-पास स्वच्छता रखने और व्यक्तिगत साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही खाने-पीने की वस्तुओं और पानी को हमेशा ढककर रखने, बासी भोजन, सड़े गले फलों का सेवन न करने, हमेशा ताजे फलों और भोजन का सेवन करने, फल और सब्जियों को खाने और पकाने से पहले अच्छी तरह से धोने के लिए कहा। उन्होंने पीने के लिए हैण्डपंप का पानी का उपयोग करने तथा पानी को उबालकर व छानकर पीने की बात कही। पानी की शुद्धता के लिए क्लोरिन की गोली डालकर ही पीने के लिए उपयोग में लाने, साथ ही कुओं में ब्लीचिंग पाउडर डलवानें तथा जल स्त्रोत के पास कुड़ा-करकट गंदे पानी एकत्र न होने देने, मल विसर्जन घर से दूर तथा पीने के पानी के स्त्रोत से 25 अधिक दूरी पर होना सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने दस्त या बुखार होने पर स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन, डिपोहोल्डर अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तत्काल प्राथमिक उपचार लेने, दस्त होने की स्थिति में शरीर में पानी की कमी को दूर करने ओ.आर.एस. का घोल सेवन करने, नीबू की सिकंजी, चावल का मांड हल्की चाय दाल का पानी का सेवन लगातार करने, मच्छरों में बचाव हेतु मच्छरदानी का उपयोग करने, सोने के पूर्व संभव हो तो शरीर में मच्छरनाशक क्रीम अथवा नीम तेल लगाने, घर अथवा घर के आस-पास कूलर, टायर, टूटे बर्तन अथवा अन्य कोई भी वस्तुओं में पानी जमने न देने, उल्टी दस्त से किसी भी मृत्यु होने पर उन घरो में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सहयोग से ब्लीचिंग पाउडर से शुद्धिकरण कराने तथा घर के अन्य सदस्यों को भी उल्टी-दस्त की दवाईयों खिलाने, ग्राम में होने वाले सभी सार्वजनिक आयोजनों में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखने, कार्यक्रम के दौरान ताजा भोजन का उपयोग करने आदि सुझाव जिलेवासियों को दिए।

कलेक्टर श्री वसंत ने जिले की जनता से अपील की है कि उल्टी-दस्त मलेरिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करें, जिससे महामारी जैसी बीमारियों पर नियंत्रण की कार्यवाही की जा सके एवं जिले में असामयिक मृत्यु को रोका जा सके। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि मौसमी बीमारियों के नियंत्रण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जिले को मौसमी बीमारी से विमुक्त करने की दिशा में अमूल्य योगदान दें। जागरूकता सतर्कता से आप न केवल अपने प्रियजनों अपितु अन्य व्यक्तियों की स्वास्थ्य रक्षा का पुण्य अर्जित कर सकते हैं एवं अच्छे स्वास्थ्य तथा खुशहाली का वातावरण बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। वे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अमली को सजगतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन करने व मौसमी बिमारियों की सतत् जानकारी लेते हुए समुचित प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा उल्टी दस्त मलेरिया से पीड़ित व्यक्तियों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही न बरतने के कड़े निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं



कोरबा । जिला कार्यालय में आयोजित हुए कलेक्टर जनचौपाल में आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 91 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जन चौपाल में जन्मेजय सिंह ने सीमांकन, प्रतिवेदन, प्रकरण का नकल दिलाने, जाम सिंह ने टावर लगाने से हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति दिलाने, रूप लाल ने लैंको द्वारा ग्राम खोड्डुल स्थित अर्जित भूमि के प्रकरण में रोजगार दिलाने, ग्राम पंचायत कुरूडीह के ग्रामीणों ने बैगापारा मोहल्ला में सोलर पैनल को सुधारने, बाकीमोंगरा की कचरी बाई ने पुत्र से भरण-पोषण दिलाने, ग्राम गुरसिया के तिलसाय ने अपनी भूमि का फर्जी तरीके से अन्य व्यक्ति द्वारा नाम दर्ज कराने, वार्ड नं. 16 पंप हाउस की महिलाओं ने अटल निवास मोहल्ले में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने, ग्राम पंचायत दोंदरो के सरपंच ने दोंदरो में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण होने, ग्राम पंचायत विजयपुर के सरपंच ने ग्राम विजयपुर में गांव में विद्युत खंभा क्षतिग्रस्त होने तथा विद्युत समस्या होने, ग्राम आछीमार की सुनिता कोरवा ने रोजगार दिलाने, रजगामार में उत्सव समिति ने दशहरा मैदान रजगामार एवं अन्य शासकीय भूमि पर अतिक्रमण होने, ग्राम पंचायत चचिया निवासी परमेश्वर सिंह टोप्पो ने भवन निर्माण कार्य करने पर मजदूरी प्राप्त नहीं होने, रामायण प्रसाद ने पानी निकासी हेतु नाली निर्माण करने, इंडस्ट्रीयल एरिया निवासी जीवन लाल ने सूखे पेड़ को कटवाने, ग्राम पंचायत जेमरा के रामायण दास ने कच्ची शराब बंद कराने, ग्राम पंडरीपानी वासियों ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायत की। इसके अलावा जनचौपाल में स्वास्थ्य उपचार, नए राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 26 जुलाई तक विशेष ग्रामसभा का होगा आयोजन

कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिले के समस्त ग्रामों में 22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उक्त शिविर में वन अधिकार मान्यता पत्र के पात्र आवेदनो का ग्राम सभा में अनुमोदन, जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदनों का ग्राम सभा में अनुमोदन, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं से संबंधित कार्यों की स्वीकृति, अनसूचित क्षेत्रों/ग्रामों वाले निवेश क्षेत्रों की विकास योजनाओं के संबंध में ग्राम सभा प्रस्ताव पारित कराना सहित अन्य निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा की जाएगी।

# सीपेट स्याहीमुडी मे डिप्लोमा पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु जिले के छात्रों हेतु सुनहरा अवसर

## इच्छुक आवेदक 25 जुलाई तक कर सकते है आवेदन

कोरबा । सीपेट कोरबा मे संचालित पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी कोर्स में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के रहने वाले 10 मेधावी छात्रों का चयन किया जाना है। उक्त पाठ्यक्रम के पूर्ण अवधि हेतु छात्रों के शिक्षण शुल्क, हॉस्टल तथा मेस शुल्क का वहन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 25 जुलाई 2024 शाम 05 बजे तक दस्तावेज़ सहित लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई रामपुर परिसर, रोजगार कार्यालय के पीछे, कोरबा पिन 495677 मे उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु सीटों की संख्या सीमित है। इस हेतु अधिक छात्र होने पर मेरिट सूची एवं कोरबा जिले हेतु निर्धारित आरक्षण रोस्टर के अनुसार छात्रों का चयन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोर्स की जानकारी, न्यूनतम योग्यता एवं आरक्षण रोस्टर अनुसार 10 रिक्त सीटो में अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 04, अनुसूचित जाति के लिए 01, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 01 एवं सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 04 सीट शामिल है। अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही ऐसे आवेदक जिनके माता या पिता किसी भी प्रकार की शासकीय सेवा मे हैं, वे छात्रवृत्ति हेतु पात्र नहीं होंगे। इस आशय का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ आवेदक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस सम्बंध में अधिक जानकारी के लिए श्री अरुणेन्द्र कुमार मिश्रा प्राचार्य लाईवलीहुड कॉलेज मोबाइल नंबर 9589583878 पर संपर्क किया जा सकता है।

# शिव भक्तों का जत्था बाबाधाम रवाना पूर्व मंत्री ने दिखाई झंडी



कोरबा, प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने झंडी दिखाकर कांवडियों के जत्थे को रवाना किया। इस अवसर पर बैजनाथ धाम जाने वाले कांवड़ यात्रियों को जयसिंह अग्रवाल ने बधाईयां देते हुए उनकी सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं दिया। लगभग 140 श्रद्धालुओं का जत्था आज कोरबा से रवाना हुआ जिसमें लोग अपने निजी साधनों और एक बस के जरिए चांपा पहुंचेंगे और आगे की यात्रा ट्रेन से की जाएगी। सभी भक्तगण सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर बैजनाथ धाम के लिए 105 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर 25 जुलाई को जल अर्पित करेंगे। यह दल 28 जुलाई को कोरबा वापस पहुंचेगा।

सावन का पवित्र महीना आज सोमवार के दिन से ही आरंभ हुआ है जिसमें शिव भक्त पूरे महीने भर शिवलिंग का विधिवत पूजन अर्चन कर पवित्र जल अर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। शिव आराधना के लिए सोमवार का विशेष महत्व माना जाता है और इस दिन शिवालयों में भक्तों की विशेष भीड़ रहती है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों के वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, स्वास्थ्य, सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना किया है। कांवड़ियों को रवाना करने के लिए जयसिंह अग्रवाल के साथ महापौर राजकिशोर प्रसाद, पार्षद रवि चंदेल, एस के अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भक्तों का दल प्रमुख रूप से आशीष जायसवाल, अधिवक्ता बी.के. शुक्ला, शंकर राव, रोशन जायसवाल, दीनू राठौर, रवि वर्मा, मनीष शर्मा, मुन्ना अग्रवाल के मार्गदर्शन में रवाना हुआ। इस अवसर पर बंटी शर्मा ने बताया कि सभी भक्तों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था के लिए राशन व्यवस्था के साथ कुक दल को सड़क मार्ग से पहले ही रवाना कर दिया गया है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत निगम के अभियंताओं ने अशोक वाटिका में किया वृक्षारोपण





कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा के अभियंताओं ने को सीएसईबी चौक स्टेडियम रोड पर स्थित अशोक वाटिका उद्यान में वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। इस मौके पर अभियंताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण करने एवं वृक्षों के संवर्धन व संरक्षण का संदेश भी दिया।

नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत निगम के अभियंताओं द्वारा अशोक वाटिका उद्यान में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर उद्यान में वृक्षारोपण किया व विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए। अभियंताओं ने पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण किए जाने तथा उनके संरक्षण व संवर्धन का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।इस मौके पर निगम के अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, उपायुक्त बी.पी. त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, एम.एन. सरकार, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, सहायक अभियंता राकेश मसीह, योगेश राठौर, सुनील टांडे, लीलाधर पटेल, सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास, अभय मिंज, प्रमोद जगत, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, गोयल सिंह विमल, सुशील सोनी, अनिल राम, किरण साहू, अंजूलता तिग्गा, अरूण मिश्रा आदि के साथ अन्य अभियंताओं व अधिकारी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया।

### बिना पैसे दिए काम से निकाला हुई शिकायत

कोरबा। बालको प्लांट में नियोजित कंपनी में कार्यरत कर्मियों ने सहायक श्रम आयुक्त से शिकायत की है। शिकायत में कर्मियों ने कहा है कि जून और जुलाई माह का वेतन उन्हें नहीं दिया गया है। कर्मचारी ओसवाल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड सब काउंट श्री ओम श्री कंपनी बालको में दिनांक 14 मई से 10 जुलाई 2024 तक कार्यरत थे। जिनका गेट पास 10 जुलाई से बिना सूचना के ब्लॉक कर दिया गया है, साथ ही काम भी बंद कर दिया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि तीन महीना से जो पेमेंट आ रहा था। कंपनी द्वारा जो निर्धारित किया गया था, वह वेतन उन्हें जून जुलाई में प्राप्त नहीं हुआ है। कुछ कर्मियों का जरूर प्राप्त हुआ है। मगर पिछले तीन माह से उन्हें नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने श्रम आयुक्त से मांग की है कि जून जुलाई का वेतन फाइनल के साथ ही एन ओ सी दिया जाए, जिससे वह प्लांट में कार्य कर सके। जिन कर्मियों को वेतन प्राप्त नहीं हुआ है उनमें दिवाकर सेठ, महेश कुमार, गोपाल मैत्री, राजेश कुमार, सत्यनारायण, संतोष कुमार यादव, अंजनि देव पांडे, अजय पांडे सहित अन्य शामिल है।

# कृष्णा नगर में विस्थापितों ने बनाई आंदोलन की रणनीति



कोरबा-दीपका। गेवरा-पेंड्रा रेल कॉरिडोर परियोजना से एसईसीएल दीपका गेवरा से सम्पर्क रेल लाइन के कारण नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड 7 कृष्णा नगर वासियों के लिए अभिशाप बन जाने का खतरा मंडरा रहा है । इस रेल पथ के प्रस्ताव आने के बाद से ही विरोध हो रहा है क्योंकि कृष्णा नगर चारों दिशाओं से रेल पथ , कोयला सड़क , वाशरी से घिर रहा है जिससे यहां के रहवासियों को आवागमन के साथ ही प्रदूषण की समस्याओं से जीना दूभर हो जाएगा । यही कारण है कि लोंगो को अब मजबूरी में आंदोलन की राह चुनने के लिए बाध्य होना पड़ा है ।

इस समस्या को लेकर दीपका नगर पालिका परिषद के वार्ड 7 कृष्णा नगर में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री सपुरन कुलदीप की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में एक बैठक आहूत की गई जिसमें सर्व सम्मति से चरण बद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है और आंदोलन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए एक सयोजन समिति भी बनाया गया है जिसमे सयोजक धरम दास गुप्ता सहसंयोजक श्रीमती सीमा निर्मलकर और अन्य सदस्य को आंदोलन संगठित करने की जिम्मेदारी दी गयी है । इस बैठक में वार्ड पार्षद -श्री सुशील कुमार गुप्ता, गोरेलाल सोनी , मीना दीदी सीमा दीदी, पार्वती चंद्रा, गीताबाई महंत, ममता गुप्ता, तारा गुप्ता, आशा दीदी, मूलचंद राजपूत, इंदर सेन अग्रवाल, सर ताज कुरेशी, शमीम कुरेशी, मोहम्मद अशरफ खान धरम दास गुप्ता (गांधी)पूर्व पार्षद कोमल कौशिक जी, श्री बलराम सिंह मौर्य, अन्य लोग उपस्थित रहे हैं

गौरतलब है कि एसईसीएल कोरबा कोलफील्ड्स के गेवरा ,दीपका , कुसमुंडा और कोरबा क्षेत्र में विश्व का सबसे ज्यादा कोयला का भंडार मौजूद है और उत्पादन का लक्ष्य के साथ ही परिवहन की समस्या को दूर करने के लिए गेवरा रोड  पेंड्रा रोड रेल कॉरिडोर परियोजना तैयार की गई है जिसमे 135 किमी लम्बी रेल परिपथ का निर्माण किया जाना है । इस रेल कॉरिडोर से दीपका गेवरा क्षेत्र से कोयला परिवहन करने के लिए सम्पर्क रेल मार्ग का निर्माण किया जा रहा है । जिसमे कृष्णा नगर सभी दिशाओं से घिर गया हैं और आने वाले समय में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । अब तक किये गए मांगो को अनसुनी करने से आक्रोशित लोंगो ने एसडीएम कार्यालय में 30 जुलाई , कलेक्टर कार्यालय में 6 अगस्त को धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखेंगे और बात नही बनने पर 20 अगस्त को कृष्णा नगर से होकर गुजरने वाली रेल लाइन बंद आंदोलन करने की योजना तैयार की गई है ।

### ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति का समर्थन

कृष्णा नगर के रहवासियों को रेल पथ निर्माण के कारण भविष्य में होने वाली समस्या को लेकर आंदोलन को ऊर्जाधानी सन्गठन ने अपना समर्थन दिया है । और सन्गठन के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप के मार्गदर्शन में आंदोलन चलाने की सहमति बनाई गई है । इस सबन्ध में सन्गठन के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने कहा है कि कृष्ना नगर चारों दिशाओं से घिर जाएगी और टापू बन जायेगा जिससे यहां के लोंगो को आवागमन और प्रदूषण से भारी परेशानी होगी । इसलिए लोंगो की मांग हैं कि कृष्ना नगर को पूर्ण अधिग्रहित कर नया पुनर्वास और मुआवजा प्रदान किया जाए ।

### घटिया कोयला की आपूर्ति,3 गिरफ्तार

कोरबा। अच्छा कोयला बदलकर खराब कोयला की आपूर्ति का मामला पकड़ में आया है। कोयले की हेराफेरी करने वाले 3 ट्रक चालक गिरफ्तार कर लिए गए हैं जबकि यह काम कराने वाले 2 ट्रक मालिक फरार हो गए हैं। जामुल पुलिस ने सीमेंट कंपनी में कोयला की हेराफेरी करने वाले 3 आरोपी को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने बताया कि एसीसी सीमेंट कम्पनी प्रबंधक द्वारा एक आवेदन पेश किया कि एसीसी कम्पनी में दीपका खदान से मंगाये जाने वाले कोयले में हेराफेरी किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया गुरू पूर्णिमा



कोरबा। बालको नगर में प्रभारी मंत्री द्वारा मनोनीत एस एम डी सी की अध्यक्षा अर्चना रुनिझा के मुख्य आतिथ्य में ,विशिष्ट अतिथि जी. एस. निर्मलकर ,सरस्वती शिशु मंदिर के सेवानिवृत्ति सर, हेमलता निर्मलकर ,रेणु प्रसाद , रंजना मौर्य ,मीना मांझी, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य डॉ. एन. तिवारी मैडम एवं पूर्व माध्यमिक विभाग की प्रधान पाठिका पी मरावी मैडम एवं संकुल सीएसी शिवनारायण कुंभकार सर विद्यालय के समस्त कर्मचारी गण एवं बच्चों की उपस्थिति में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राष्ट्रगीत उल्लास शपथ एवं सरस्वती पूजन के पश्चात गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सम्माननीय सदस्यों ने अपने वक्तव्य व्यक्त किये,डॉ. एन तिवारी मैडम द्वारा गुरु के अर्थ को स्पष्ट करते हुए बच्चों को गुरु पूर्णिमा की महत्व पर प्रकाश डाला गया।

निर्मलकर सर द्वारा गीत के माध्यम से बच्चों तक शिक्षा संबंधी उचित संदेश को बताया गया तथा प्रत्येक बच्चों जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया उन्हें शिक्षा प्रद पुस्तक प्रदान किया गया,गुरु की महता एस सी डडसेना सर द्वारा अपने उद्बोधन द्वारा स्पष्ट किया गया,उर्मिला राठौर मैडम द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गयाआई प्रसाद मैडम द्वारा कार्यक्रम के अंतिम चरण में आभार प्रदर्शन पश्चात कार्यक्रम का समापन एस एम डी सी की अध्यक्ष अर्चना रुनिझा के द्वारा मिठाई वितरण कर किया गया।

# 32 जगह पदों को भरने के लिए कार्यालय स्तर पर दलाली शुरू

**बलौदा।** आंगनबाड़ी केंद्रों के रिक्त पदों में सहायिका व कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए दावा आपत्ति सूची चस्पा होने के पूर्व परियोजना कार्यालय के भृत्य द्वारा अभ्यर्थियों से राशि वसूली के लिए फोन कर कार्यालय बुलाया जा रहा है। इससे भर्ती प्रक्रिया में प्रश्न चिन्ह लग रहा है। पात्र अभ्यर्थियों को भी संदेह है कि उनकी नियुक्ति हो पाएगी या नहीं ।

बलौदा ब्लाक के एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत लगभग 32 आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों में सहायिका व कार्यकर्ताओं की भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया है। लगभग तीन माह पूर्व भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के बाद भी अभी तक दावा आपत्ति के लिए सूची महिला बाल विकास विभाग में चस्पा नहीं की गई है। मेरिट सूची तैयार हुए लगभग एक सप्ताह हो गया है।

सूची बनने के बाद महिला बाल विकास विभाग परियोजना कार्यालय से वहां के पदस्थ भृत्य के द्वारा आवेदन करने वाली महिलाओं से फोन पर संपर्क कर आफिस आने को कहा जा रहा है।




एक अभ्यर्थी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें कार्यालय बुलाया गया था और कहा गया था कि चयन के लिए 90 हजार रूपए लगेगा। आधी राशि एडवांस देना होगा और शेष राशि चयन के बाद देना पड़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगर नाम बता दी तो उनका चयन नहीं होगा। जो अभ्यर्थी पैसे की व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्यालय नहीं पहुंचे उन्हें दोबारा काल कर बुलाया जा रहा है। उनसे यह भी कहा जा रहा है कि अगर वे नहीं आए तो दूसरे अभ्यर्थी का चयन हो जाएगा।

**इन गांवों में होनी है भर्ती**

बलौदा ब्लाक के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद पर भर्ती हो रही है। इनमें बलौदा नगर वार्ड नं 13 में सहायिका , ग्राम कोसमन्दा में कार्यकर्ता, कोरबी में सहायिका, महुदा (ब) सहायिका ,अमलीभाठा बक्सरा में कार्यकर्ता ,पंतोरा में सहायिका,बहेराडीह में सहायिका,जावलपुर में सहायिका व कार्यकर्ता ,बालपुर में कार्यकर्ता ,कुरदा मेंकार्यकर्ता ,सिवनी (च) में3 पद सहायिका, बिरगहनी में सहायिका, बुड़गहन ,हरदी विशाल,नगपुरा, जावलपुर ,रसोटा ,झर्राडीह भिलाई ,अंगारखार ,करमा ,देवरी ,पुरैना ,बोकरेल ,घाठा देई खोहा ,जोबी कुली पोटा ,कुदरी ,मड़वा और बसन्तपुर में सहायिका और बावडेरा लछनपुर में कार्यकर्ता के पद पर भर्ती की जाएगी।

पात्र अपात्रों की सूची तैयार हो गई है। महिला एवं बाल विकास कार्यालय द्वारा इसे सूचना पटल पर चस्पा किया जाना है अभी तक हो जाना था।

आकाश सिंह
**सीईओ जनपद पंचायत बलौदा**

कार्यालय के किसी कर्मचारी द्वारा कार्यकर्ता व सहायिका पद के लिए फोन से राशि मांगे जाने व कार्यालय बुलाए जाने की जानकारी नहीं है। मंगलवार को कार्यालय पहुंचकर इसकी जानकारी लेंगी।

लक्ष्मी राव वाकोड़े
परियोजना अधिकारी
एकीकृत महिला व बाल विकास परियोजना बलौदा

# हर्बल राखी बनाने के साथ भरपूर मांग ने उत्साह बढ़ाया महिला समूह का

**चांपा।** किसान स्कूल बहेराडीह में इस समय बिहान की महिलाएं कृषि अवशेष सब्जी भाजी और फल फूल के रेशे से रंग बिरंगी हर्बल राखियां बना रहीं हैं। बिहान से जुड़ी गंगे मईय्या महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं पिछले 7 साल से इस कारोबार को कर रही हैं और प्रतिवर्ष राखी त्यौहार के समय इनकी अच्छी आमदनी हो जाती है।

जिले में यह एक ऐसा गांव है, जहाँ की महिलाएं सीजन के हिसाब से कई तरह के कारोबार करती हैं। समूह की अध्यक्ष लक्ष्मीन यादव, सचिव पुष्पा यादव ने बताया कि बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कुरदा कलस्टर के ग्राम बहेराडीह की गंगे मईय्या महिला स्व सहायता समूह बिहान से जुड़कर कई तरह की आजीविका गतिविधियों का संचालन करके आमदनी ले रही हैं।

**फल सब्जियों के रेशे का प्रयोग**

किसान स्कूल में कृषि अवशेष साग सब्जी और फल फूल के रेशे निकालकर रंग बिरंगी हर्बल राखी बनाने का काम महिलाएं कर रही हैं। इनमे केले का रेशा, लाल भाजी और चेंच भाजी के रेशे के अलावा धान, गेहूं ,चावल के दानों का भी उपयोग किया जाता है।



**खेती का काम हमारी पहली प्राथमिकता**–समूह की महिलाओं ने बताया कि इस समय खेती का काम हमारी पहली प्राथमिकता है। खेत से घर लौटने के बाद समय निकालकर प्रतिदिन सुबह, दोपहर और शाम के समय राखी बनाने का काम करतीं हैं। महिलाओं की इस तरह के काम मे बच्चे भी बड़े शौक से करते हैं।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजेंगी राखी**

बिहान की इन महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णदेव साय समेत स्थानीय प्रशासन को डाक से अपने बिहान समूह द्वारा बनाई गई हर्बल राखी भेजने का निर्णय लिया है।

## डंडा मारकर भाई की हत्या, पांच महीने बाद पकड़ा गया आरोपी

**जांजगीर - चांपा।** ग्राम सिवनी में पांच माह पूर्व युवक का शव घर में संदिग्ध हालत में मिला था। शराब पीकर आकर सदस्यों से विवाद करने पर बड़े भाई ने ही डंडा मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित भाई फरार हो गया था। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही थी। पांच माह बाद पुलिस ने आरोपित भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार सिवनी निवासी सुशीला बाईपति खीखराम बरेठ के तीन बेटे शिव, सुरेश और संतोष बरेठ थे। शिव और सुरेश जम्मू-कश्मीर में रहकर मजदूरी करतेथे। छोटा बेटा संतोष यहीं घर पर रहता था। इस बीच मंझला बेटा सुरेश भी घर आया हुआ था। संतोष को शराब पीने की लत थी और वो अक्सर नशे में ही घर आता था। इसे लेकर रोजाना दोनों भाइयों के बीच लड़ाई होती थी।

सोमवार 3 मार्च की शाम करीब 4 बजे संतोष नशे में धुत घर पहुंचा। इससे नाराज सुरेश ने उसे टोका, तो विवाद बढ़ने लगा। मां ने बीच - बचाव की कोशिश की, लेकिन दोनों शांत नहीं हुए। इसके बाद वो घर से निकल गई और चौक के पास आकर बैठी रही। रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह घर लौटी तो देखा कि छोटा बेटा कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ था। कई बार आवाज लगाने पर भी वह कोई जवाब नहीं दिया। सुशीला बाई ने घर के आसपास के लोगों को बुलाया। जांच करने पर पता चला कि युवक की मौत हो चुकी थी।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस गांव पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल लाया गया। मंगलवार 4 मार्च को पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को शव सौंपा गया। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने भादवि की धारा 302 के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया।

## एटीएम में पट्टी लगाकर चोरी करने वाला पकड़ा गया

**बिलासपुर।** एटीएम में पट्टी लगाकर रुपए चोरी करने वाला शातिर चोर रविवार को रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया। शहर के तीन एटीएम से रुपए चोरी करके वह भागने की फिराक में था। स्टेशन में वह ट्रेन का इंतजार कर रहा था। ट्रेन में बैठ पाता, इससे पहले ही तारबाहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को बिलासागुड़ी में एएसपी उमेश कश्यप ने इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने शहर के तीन एटीएम से रुपए चुराए थे। 21 जुलाई को एटीएम हैंडलिंग का काम करने वाली एजेंसी ट्रांजक्शन साल्युशन इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के सुपरवाइजर ने तारबाहर थाने में इस घटना की सूचना दी थी। कॉल सेंटर से उन्हें सूचना मिली थी कि व्यापार विहार स्थित एटीएम में रुपए नहीं निकल रहे हैं। जाकर चेक करने पर मशीन का शटर डेमेज मिला। सीसीटीवी की जांच करने पर एक व्यक्ति स्क्रू ड्राइवर से शटर खोलकर पट्टी लगाते हुए दिखा। इसी तरह सत्यम चौक, लिंकरोड और गोल बाजार स्थित एटीएम में भी उसने पट्टी लगाकर 40500 रुपए निकाले।

## कलेश्वरनाथ मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार को भक्तों की लगी कतार

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा में भक्त सावन के पहले सोमवार को प्रसिद्ध बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचें। लोग बोल बम, ओम नमः शिवाय के नारे लगा रहे थे।

जांजगीर चांपा जिले के छोटा उज्जैन के नाम से प्रसिद्ध बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर में सावन के पवित्र माह की शिवालय में गुंजा हर हर महादेव के का नारा और श्रद्धालू जल अभिषेक करने पहुंचे।

जिला मुख्यालय से छह किलो मीटर दूर हसदेव नदी के तट पर स्थित ग्राम पीथमपुर शंकर भगवान के प्रसिद्ध मंदिर बाबा कलेश्वर नाथ में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ है। जो दर्शन ओर जल अभिषेक करने हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं।

बाबा कलेश्वर नाथ का मंदिर लगभग 450 वर्ष पुराना है। मंदिर परिसर में समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया गया है। जिला प्रशासन के द्वारा भी मंदिर के सभी द्वार पर सुरक्षा बल की तैनाती की गई है।

श्रद्धालु शिव मंदिर में पूजा कर अपने-अपने घर परिवार की मंगल कामनाओं की मांग कर रहे हैं।



बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर के शिवलिंग की जलहरी के जल का विशेष महत्व है। पीने मात्र से पेटदर्द और बांझपन से मुक्ति मिल जातीहै। साथ ही साथ जिले के सभी शिवालयों में आज सुबह से ही जय भोलेनाथ और बम-बम भोले का नारा गूंज रहा है।

## स्टेट बैंक में घुसकर मैनेजर-असिस्टेंट मैनेजर को पीटा, लोन सेटेलमेंट के लिए पहुंचे थे

**बिलासपुर।** बिलासपुर में तीन युवकों ने स्टेट बैंक में घुसकर मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर की पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि एक युवक ने लोन लिया था और किश्त नहीं देने पर बैंक ने नोटिस भेजा था। मारपीट की पूरी घटना CCTV में कैद हो गई है। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मुंगेली जिले के ढाड़ गांव निवासी लाभम राम टोंड (24), विकास भारद्वाज (23) और बेनिश भारद्वाज (25) सोमवार को सदर बाजार स्थित SBI की ब्रांच पहुंचे। इनमें से एक युवक ने ट्रैक्टर के लिए लोन लिया था। उसने गारंटी के तौर पर अपनी जमीन गिरवी रखी थी।

**लोन सेटलमेंट के लिए पहुंचे थे**-ट्रैक्टर की किस्त नहीं जमा करने पर बैंक ने नोटिस जारी किया था। इस पर तीनों युवक बैंक पहुंचे और जमीन से जुड़े दस्तावेज मांगे। युवकों ने कहा कि, वे जमीन बेचकर लोन सेटलमेंट कर देंगे। इस पर मैनेजर ने उन्हें ऐसा नियम नहीं होने की जानकारी दी। इसके बाद विवाद हो गया।

**बैंक के दोनों अफसरों को मारे थप्पड़**-यह विवाद इतना बढ़ा कि तीनों आरोपियों ने मैनेजर अंकित भूषण लाल और असिस्टेंट मैनेजर प्रेम कुमार जायसवाल से दुर्व्यवहार करते हुए मारपीट कर दी। आरोपियों ने अधिकारियों को तड़ातड़ थप्पड़ जड़ दिए। इस घटना के बाद से बैंक में लेनदेन प्रभावित रह। वहीं कर्मचारियों में दहशत का भी माहौल है।

**तीनों युवक गिरफ्तार**-इस मामले की शिकायत मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर ने तखतपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आनन-फानन में पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार भी कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।




## महिला की जान लेने की कोशिश करने वाले आरोपी को मिली सजा

**जांजगीर- चांपा।** टांगी से वार कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपित को सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने 5 वर्ष सश्रम कारावास और 6 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया।अभियोजन के अनुसार ग्राम कुटीडीह की महिला कमांडो सुरैया और सेवती चौहान प्रतिदिन गांव की गलियों में घुमकर अवैध शराब बिक्री व जुए पर रोक लगाने के लिए समझाईश देती थी।

4 जनवरी 2021 को महिला कमांडो की सचिव वीना मैत्री ने जुआ खेलते लोगों का फोटो खीच लिया था । फोटो में नेहरू लाल मैत्री भी जुआ खेलते आया था। 10 अप्रैल को साप्ताहिक बाजार के पास शराब के नशे में महिला कमांडो के सदस्यों से मिला और बोला कि वह शराब पीएगा । किसको क्या करना है कर ले। उसने महिला कमांडो को गाली भी दी और घर से टांगी लाकर उसने सेवती चौहान के बाएं कान के पीछे गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया।

सुरैया उस समय मौके पर थी तो उसी टांगी से उसके कंधे पर एक बार मारा और टांगी के बेट से पीठ पर हमला किया । इसके बाद वहां से फरार हो गया। घटना की सूचना डभरा थाने में दी गई। पुलिस ने आरोपित नेहरू लाल मैत्री के विरूद्ध भादवि की धारा 307 के तहत अपराध् दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

## नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण के साथ रोड डामरीकरण को एमआईसी से मंजूरी

**रायगढ़।** सोमवार की शाम महापौर कार्यालय कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में 29 एजेंडा पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान 50 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। सबसे पहले 46 करोड़ 14 लाख की लागत से नालंदा परिसर लाइब्रेरी निर्माण सहित रायगढ़ स्टेडियम में स्वीमिंग पुल उन्नयन कार्य संबंधित एजेंडा पर चर्चा की गई। चर्चा के बाद एजेंडा की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसके बाद इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन के पात्र आवेदन को स्वीकृत किया गया।

एक करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से इंडियन स्कूल से मेडिकल कॉलेज रोड से प्राची विहार तक बीटी सड़क निर्माण संबंधित एजेंडे पर चर्चा हुई। स्थल निरीक्षण के उपरांत एजेंडा को अगली बैठक में रखने की सहमति दी गई। इसी तरह 124.24 लाख की लागत शंकर टिंबर से बेनीकुंज तक बीटी सड़क निर्माण संबंधित एजेंडा की पुष्टि की गई। वार्ड क्रमांक 15 में अमरेंदु विला से बूढ़ीमाई मंदिर गेट तक स्टार्म वॉटर ड्रेन निर्माण कार्य को स्वीकृत किया गया।

इसी तरह कलेक्टर दर पर प्लेसमेंट कर्मचारियों की निविदा को आगामी निविदा होने तक स्वीकृति दी गई। कुशल और अकुशल और अर्धकुशल श्रमिकों के बढ़े हुए वेतन को स्वीकृत किया गया। इसके बाद विभिन्न वार्डों में निकले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पदों को स्वीकृति दी गई। इसी तरह जेसीबी 2 डी एक्स व जेसीबी 3 डी एक्स की मरम्मत निविदा की स्वीकृति दी।

## 300 शिक्षकों का सम्मान किया

**रायगढ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न विधाओं के गुरुओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथियों के सम्मान पश्चात करीब 300 शिक्षकों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। संस्था की प्राचार्या रश्मि शर्मा व विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष विजय शर्मा मार्बल ने बताया कि कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सेवानिवृत्त प्रो. महेन्द्र सिंह खनूजा, सेवानिवृत्त प्राचार्या जया षड़ंगी, डिग्री कॉलेज विज्ञान विभाग प्रमुख आरके तंबोली, आदि के आतिथ्य में शिक्षक सम्मान समारोह स्थानीय पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

## 10 साल के औसत से 26प्रतिशत कम पानी, दो दिन बारिश के आसार

**रायगढ़।** सोमवार से सावन शुरू हुआ। हरियाली के महीने पर मानसून ने बूंदाबांदी की रस्म अदायगी की। दिनभर घने बाद छाए रहे, मौसम विभाग ने तेज बारिश का अनुमान लगाया, लेकिन जिले में कुछ घंटे रिमझिम बारिश हुई।



मानसून की एंट्री 23 जुलाई को हुई थी, लगभग एक महीना गुजर चुका है लेकिन इस सीजन में अब तक हुई बारिश 10 साल के औसत से लगभग 26 फीसद कम है। सिंचाई के लिए नहर से पानी छोड़ना पड़ा है। 1 जून से 22 जुलाई तक की अवधि में 10 साल का रिकार्ड देखें तो औसत बारिश 427.7 मिमी रही है। जबकि इस सीजन 337.3 मिमी बारिश हुई है। अनुमान है कि अगले दो दिन भारी बारिश हो सकती है। एक हफ्ते तक सिस्टम बनने से लगातार बारिश होने की संभावना है।

## इंजीनियर के घर चोरी

**बिलासपुर।** सकरी थाना क्षेत्र ग्राम घुरू में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के घर पर चोरों ने रविवार की रात धावा बोल दिया। सोने की अंगूठी, चेन समेत दो तोला सोना और 20 हजार रुपए कैश चोरी करके ले गए। घुरू गोकुल धाम क्षेत्र निवासी विमल केशरवानी साफ्टवेयर इंजीनियर है। वह मां व प7ी के साथ रहता है। दो महीने से मां और प7ी पारिवारिक कारणों से बाहर हैं। 20 जुलाई की रात 8 बजे वह घर में ताला लगाकर काम से गोड़पारा स्थित घर चला गया। रविवार दोपहर 1 बजे जब वह लौटा, तो देखा कि दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा है। दोनों आलमारी खुली मिली। उसमें रखा एक तोला वजनी सोने की चेन, एक तोले की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल और कैश 20 हजार रुपए गायब था। इंजीनियर की रिपोर्ट पर पुलिस केस दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)
सूचना
एसईसीएल द्वारा सामग्रियों, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद के लिए जारी निविदाएं एसईसीएल की वेबसाईट http://www.secl-cil.in, कोल इण्डिया के ई-प्रोक्यूमेंट पोर्टल http://coalindiatenders.nic.in और सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीदी का कार्य किया जाता है। एसईसीएल के माईनिंग सर्विसेस की निविदायें भी अब जीईएम पोर्टल http://gem.gov.in पर उपलब्ध हैं।

# 4 बच्चों की मौत के बाद अवैध क्लीनिक किये गए सील

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में झोला छाप डॉक्टरों ने इलाज के नाम पर 4 बच्चों की जान ले ली। इनमें 2 बच्चों का मलेरिया का इलाज कर रहे थे। बच्चों की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम में पता चला कि उन्हें मलेरिया था ही नहीं। इसके बाद जिला प्रशासन ने 45 झोला छाप डॉक्टरों के क्लीनिक और अस्पताल सील कर दिए हैं।

जिले में मलेरिया और डायरिया का प्रकोप जारी है। इसे लेकर राजस्व विभाग और डाक्टरों की टीम जांच पर निकली है। इस दौरान दो लोग मेडिकल दुकान की आड़ में घर के अंदर अस्पताल संचालित कर रहे थे। टीम को घर में 2 बेड और एलोपैथिक दवाइयों का जखीरा मिला है।कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा है कि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झोला छाप डाक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अब तक बिल्हा क्षेत्र में 17, कोटा में 12, तखतपुर और बिलासपुर में 8-8 फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

**नोडल अधिकारी बोले- गलत इलाज से हुई मौत**

डायरिया और मलेरिया की रोकथाम के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी ने 'दैनिक भास्कर' को बताया कि कोटा तहसील के अंतर्गत टेंगनमाड़ा में इमरान (15) और उसके छोटे भाई इरफान (10) की मौत गलत इलाज से हो गई थी।

इसी प्रकार कारीमाटी (केंदा) में अजय ध्रुव (7) और संजय ध्रुव (5) की झोला छाप डाक्टरों से इलाज के दौरान मौत हो गई। झोला छाप इन चारों बच्चों का इलाज मलेरिया मानकर कर रहे थे, लेकिन इनमें पुष्टि नहीं हुई।

**मस्तूरी और वेद परसदा में 2 क्लीनिक सील**

कोटा तहसील के अंतर्गत पीपरतराई में रविवार रात बंगाली दवाखाना के संचालक रिपोन मंडल के यहां एलोपैथी दवाइयां, इंजेक्शन मिलने पर क्लीनिक सील कर दिया गया। इसके साथ ही मस्तूरी क्षेत्र में मेडिकल स्टोर में ही अस्पताल संचालित किया जा रहा था। मस्तूरी और वेद परसदा में कार्रवाई करते हुए 2 डाक्टरों के क्लीनिक सील कर दिए गए हैं।

**तखतपुर में इनके विरुद्ध की गई कार्रवाई**

तखतपुर क्षेत्र में एसडीएम ने ग्राम सैदा, खैरी, सकर्रा, बेलमुंडी, सकरी, गनियारी, बेलपान, बीजा में संचालित अवैध क्लीनिक सील किया। वहीं चांटीडीह स्थित शिव कुमार धुरी के क्लीनिक में एलोपैथी दवाइयां, इंजेक्शन मिलने और इलाज करने संबंधी कोई भी दस्तावेज नहीं पेश करने पर सील कर दिया। ग्राम देवरीखुर्द में बंगाली क्लीनिक और सरकंडा इमलीमाठा में अवैध क्लीनिक सील की गई।

**बिल्हा के अंतर्गत 17 क्लीनिक सील**



बिल्हा अनुविभाग के अंतर्गत झोला छाप 17 डाक्टरों द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिक, दवाखाना को राजस्व अधिकारियों ने सील किया। 21 जुलाई को तहसील बोदरी के अंतर्गत अतिरिक्त तहसीलदार बोदरी ने श्यामलाल दीक्षित, लक्ष्मीकांत दीक्षित बोदरी, विधान चक्रवर्ती बोदरी, विष्णु पाल धमनी के अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को सील कर दिया।

इसी प्रकार संतोष सूर्यवंशी धमनी और धर्मप्रकाश जायसवाल धमनी, जितेंद्र वर्मा कड़ार, वासुदेव निर्मलकर, वासु मेडिकल सेंवार, लक्ष्मण यादव, बरतोरी, विकास शर्मा के जय श्री राम क्लीनिक बरतोरी, सोमनाथ पिता रामनाथ, शत्रुहन मरावी मुरकुटा, केजराम पटेल मुरकुटा, मनमोहन कौशिक दगौरी, नंद कुमार कौशिक, दिलीप सरकार दगौरी के यहां कार्रवाई की गई।



## अनमोल वचन......

**वक्त बुरा हो तो मेहनत करना**
**वक्त अच्छा हो तो मदद करना!**

# भाजपा के लिए खतरे की घंटी

देश के सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने भाजपा को करारा झटका देते हुए 10 सीटें जीत लीं। भाजपा दो सीट ही जीत सकी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट के लिए चुनाव हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, 'आप', टीएमसी और द्रमुक ने अपने उम्मीदवार उतारे थे।

नतीजों से इंडिया गठबंधन के घटक दल गद्गद् हैं, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाजरुन खरगे ने नतीजों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दावा कि लोगों ने भाजपा के अहंकार, कुशासन और नकारात्मक राजनीति को नकार दिया है और नतीजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की गिरती राजनीतिक साख का प्रमाण हैं। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट करके इन नतीजों पर मतदाताओं का आभार जताया है। खास बात यह रही कि उत्तराखंड, हिमाचल और पंजाब में जनता ने पाला बदलने वाले नेताओं को नकार दिया। उत्तराखंड की दोनों सीटें कांग्रेस ने जीत लीं। सर्वाधिक चर्चा प्रसिद्ध तीर्थस्थल बद्रीनाथ सीट की है, जहां कांग्रेस अपनी सीट बरकरार रखने में सफल रही। यहां भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़े राजेंद्र सिंह भंडारी कांग्रेस के सिटिंग विधायक थे लेकिन पाला बदल कर भाजपा में जा मिले। भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बना दिया लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला ने उन्हें पराजित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भी रोचक परिदृश्य उभरा है। देहरा सीट से मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू की पत्नी कमलेश जीतीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हराया। प्रदेश में पहली बार होगा जब पति-पत्नी सदन में साथ होंगे। कांग्रेस के विधायक 40 हो गए हैं, जबकि भाजपा की 28 सीटें हैं। फरवरी में राज्य सभा चुनाव के वक्त विधायकों की बगावत से कांग्रेस की सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे, जो टल गया है। मध्य प्रदेश में कमलनाथ के गढ़ माने जाने वाले छिंदवाड़ा क्षेत्र में भाजपा ने कांग्रेस को फिर झटका देते हुए अमरवाड़ा सीट जीत ली। पश्चिम बंगाल में दीदी का जलवा कायम है, और टीएमसी ने चारों सीटें जीत लीं। भाजपा से तीन सीटें छीनी हैं। बेशक, नतीजे भाजपा के लिए खतरे की घंटी हैं, जिनका उप्र में विधानसभा की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव तथा हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड के आसन्न असेंबली चुनाव पर निश्चित असर दिखेगा।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। जो भी नया करना है, आज कर लें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आप सकारात्मक रहेंगे। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, आपको समाधान भी मिलेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का माहौल आपके लिए अच्छा होगा। धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज ऑफिस के कार्यों में सहकर्मियों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी आज समाप्त हो जायेगी, जिससे आप रिलेक्स फील करेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज कोई पुरानी देन-दारी निपटाएंगे। आज दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। धैर्य और समझदारी से कार्य करेंगे तो आपको सफलता मिलनी तय है। घर के कार्य में आपका पैसा खर्च हो सकता है। आज कोई भी फैसला शांत मन से लें। आज अपनी भाषा में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप ऑफिस के रुके हुए कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से पूरा कर लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार के सदस्य के साथ समय बीत सकता है।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके स्वभाव में लचीलापन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देगा, यह सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। आज दोस्तों के साथ समय बिताएंगे, इससे आपकी दोस्ती और भी अच्छी होगी। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, आपकी सुख-सुविधाएं भी बढ़ेगी।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए बॉस से बात करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलेगी। सक्सेस के लिए प्लानिंग करनी चाहिए, आने वाले दिनों में फायदा हो सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। किसी कारण से पिताजी आपको कोई नई जिम्मेदारी दे सकते हैं जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े फैसले आज आपके पक्ष में आयेंगे। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा, आपको किसी काम में सहकर्मियों की मदद मिलेगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रह सकते है। आज कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। कुछ नए काम अचानक सामने आ सकते हैं। आज आपके सोचे हुए ज्यादातर काम पूरे होंगे। छात्र निरंतर कोशिश करते रहने से जल्द ही सफलता के योग है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे। आज आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज आप नये-नये लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा। आज किसी भी मामले पर बहस करने से बचें।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करेंगे तो हो सकता है आपको ज्यादा फायदा हो। किसी करीबी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को करने में व्यस्त रहेंगे। आज आपको सकारात्मक सोच से कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। घर के जरूरी काम आज पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज किसी काम में दोस्तों और भाइयों से मदद मिल सकती है। आज अचानक धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी आज आपको कोई उपहार दे सकते हैं।

# ओली के भगवान कार्ल मार्क्स

//डॉ. ब्रह्मदीप अलूने//

**नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कई बार कहा है कि ईश्वर का अस्तित्व नहीं है और अगर कभी कोई ईश्वर रहा है तो वो सिर्फ कार्ल मार्क्स थे।2018 में प्रधानमंत्री बनते ही ओली ने वह सब कुछ किया जिसकी धार्मिक और सनातन परंपरा में विश्वास करने वाले इस देश में कल्पना भी नहीं की गई थी। ओली को अपनी कम्युनिस्ट पहचान मजबूत करने और चीन के साथ खड़े दिखने का इतना उतावलापन था कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते हुए ईश्वर का नाम लेने से इंकार कर दिया, यह बुद्ध और विष्णु की भूमि के लिए बेहद अप्रत्याशित घटना थी।**

इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री जब नेपाल गए तो पीएम नरेन्द्र मोदी ने जनकपुर में पूजा की लेकिन ओली ने नहीं की। ओली यहीं नहीं रुके उन्होंने चीन के इशारे पर नेपाल का अपना नया नक्शा जारी कर भारतीय क्षेत्रों कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख को शामिल कर इन्हें अपने देश के इलाके बताया, राम जन्मभूमि को नेपाल में ही बताया और चीन के लिए अपने देश के दरवाजे खोल दिए।

ओली ने सत्ता में रहते भारत और नेपाल के संबंधों को प्रभावित करने के लिए धार्मिक, ऐतिहासिक और सामरिक रूप से तथ्यों को उलट-पुलट कर भारत से सीमा विवाद को बढ़ाया और इसे राष्ट्रीय अस्मिता से जोड़ दिया। चीन की यात्रा की और उन्होंने चीन के साथ ट्रेड एंड ट्रांसपोर्टेशन अग्रीमेंट यानी व्यापार एवं परिवहन समझौता कर लिया। ओली का यह कदम भारत को चुनौती देने वाला रहा और यहीं से भारत और नेपाल के कूटनीतिक रिश्ते भी प्रभावित हुए बिना न रह सके। ओली के भगवान कर्ा मार्क्स चीन में भी पूजे जाते हैं। चीन ने नेपाल में अनेक परियोजनाएं आक्रामक ढंग से शुरू की हैं। तिब्बत से सीधी सड़क भारत के तराई क्षेत्रों तक बनाई, रेल मार्ग नेपाल की कुदारी सीमा तक बनाया, नेपाली कम्युनिस्ट और माओवादी गुटों को आर्थिक और सैनिक मदद से चीन का समर्थन और आम नेपालियों में उनके द्वारा भारत विरोधी भावनाएं भड़काने की साजिशें रची गई। ओली की चीन परस्त और भारत विरोधी नीतियों के कारण चीनी सामानों की नेपाल के रास्ते भारत में डम्पिंग, माओवादी हिंसा के जरिए नेपाल से आंध्र- तमिलनाडू तक रेड कॉरिडोर में भारत को उलझाएं रखना, पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की नेपाल में लगातार गतिविधियां, तस्करी और आतंकवादियों का भारत में प्रवेश सुलभ हुआ है।

कई शताब्दियों तक राजशाही को स्वीकार करने वाले इस देश में 2007 में अंतरिम संविधान बनने के बाद राजतंत्र को खत्म तो कर दिया गया था लेकिन वामपंथ के उभार से लोकतंत्र स्थापित करने के सपने चकनाचूर हो गए। कार्ल मार्क्स की दो किताबों कम्युनिस्ट घोषणापत्र और दास कैपिटल ने दुनिया के कई देशों और करोड़ों लोगों पर राजनीतिक-आर्थिक रूप से निर्णयात्मक असर डाला है। कम्युनिस्ट घोषणापत्र में मार्क्स ने पूंजीवादी समाज में वर्ग संघर्ष की बात की है और बताया है कि कैसे अंततः संघर्ष में सर्वहारा वर्ग पूरी दुनिया में बुर्जुआ वर्ग को हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लेगा। मार्क्स ने धर्म को जनता के लिए अफीम के रूप में वर्णित किया है। कम्युनिज्म धर्म को नहीं मानता और बुद्ध के विचारों में सनातन धर्म की समानता निहित है। ओली नेपाल को चीन जैसा बना देना चाहते है।

भारत के लिए मुश्किल यह है कि नेपाल के सांस्कृतिक इतिहास और परंपराओं में सनातन धर्म और बुद्ध की मान्यताओं के चलते उसकी भारत से निकटता खत्म नहीं होने दे। ओली के भगवान मार्क्स, भारत के आंतरिक सुरक्षा के सबसे बड़े खतरे नक्सलियों के भी आदर्श पुरु ष हैं। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी भागों को मिला कर बना रेड कॉरिडोर ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़ और झारखंड में प्रमुख रूप से केंद्रित 11 राज्यों को कवर करता है।नेपाल से शुरू हुए इस गलियारे में नेपाल की भूमिका बड़ी महत्त्वपूर्ण है। नेपाल ने इस क्षेत्र के लड़ाकों के साथ हथियारों, रणनीतियों और प्रशिक्षण योजनाओं और कई अन्य सामरिक हथियारों का भी खूब आदान-प्रदान किया है। ओली माओवादी संगठन से जुड़े हैं, और हिंसा के चलते नेपाल की जेल में भी रह चुके हैं। चीन निर्मित हथियारों के जरिए नक्सली भारतीय सुरक्षा बलों को हमले करते हैं। नक्सली हिंसा का इतिहास लंबा है। भारत सरकार इसे खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। नेपाल और भारत करीब अठारह सौ पचास किमी. से अधिक लंबी सीमा साझा करते हैं, जिससे भारत के पांच राज्य सिक्किम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जुड़े हैं। दोनों देशों की सीमाओं से यातायात पर कभी कोई विशेष प्रतिबंध नहीं रहा। सामाजिक-आर्थिक विनिमय बिना किसी गतिरोध के चलता रहता है। भारत नेपाल की सीमा खुली हुई है और आवागमन के लिए किसी पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं पड़ती।

भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट से चीन भी डरता है क्योंकि भारत-चीन तनाव में गोरखा चीन को भौगोलिक रूप से ज्यादा चुनौती देते हैं। पिछले कुछ सालों में चीन ने यह जानने में दिलचस्पी दिखाई है कि आखिर, नेपाली गोरखा भारतीय सेना में जाना क्यों पसंद करते हैं। भारतीय सेना में नेपाली गोरखाओं का स्थान इतना उच्च है कि पाकिस्तान और चीन से लड़ाई में गोरखा रेजिमेंट के बलिदान को सदैव याद किया जाता है। वर्तमान में हर वर्ष बारह सौ से तेरह सौ नेपाली गोरखे भारतीय सेना में शामिल होते हैं। गोरखा राइफल्स में लगभग 80 हजार नेपाली गोरखा सैनिक हैं। इसके अतिरिक्त रिटार्यड गोरखा जवानों और असम राइफल्स में गोरखों की संख्या करीब एक लाख है। भारतीय सेना से रिटार्यड नेपाली गोरखाओं की तादाद तकरीबन एक लाख पैतीस हजार है।

# हत्या' शब्द विचित्रता और अज्ञान के नमूने

//शंकर शरण//

**आरएसएस प्रशिक्षित नेताओं में विचित्रता तरह-तरह रूपों में दिखती है। बल्कि अधिकांश रूप में विचित्रता ही दिखती है! उन के बयानों, घोषणाओं, और कदमों, गतिविधियों से इस की लंबी सूची बनाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, विगत एक निश्चित अवधि में उन की पहली ऐसी घोषणा और नवीनतम कदम को लें। पहली थी गंभीर संवैधानिक पदों से घोषणा करना कि उन्हें कांग्रेस मुक्त भारत' बनाना है। यह घोषणा संविधान-विरोधी, तथा करोड़ों देशवासियों के प्रति अपमानजनक थी। संविधान में दूर-दूर कोई संकेत तक नहीं कि किसी संवैधानिक पदधारी को किसी वैध राजनीतिक दल या सामाजिक संगठन को मिटा देने का प्रयत्न करना है। अतः वह घोषणा ही साफ संविधान-विरोधी थी।**

दूसरे, वह करोड़ों कांग्रेस-समर्थक देशवासियों का अपमान भी था जब उन के समर्थित दल को मिटाने की घोषणा संवैधानिक पदधारी कर रहे थे! संवैधानिक पदधारी पूरे देश की संपूर्ण जनता के लिए है। उसे केवल अपने दल की हवा बांधने का काम संविधान ने नहीं दिया है। तब उन पदधारियों ने कहां से समझ लिया कि उन्हें करोड़ों नागरिकों की पसंद के एक राजनीतिक दल को मिटा देने का लक्ष्य रखना है। ऐसी सार्वजनिक घोषणा, ऐसा विचित्र डफ कर्म वही कर सकता है, जिसे संविधान, नैतिकता और शिष्टाचार की समझ नहीं है। यह समझ भी नहीं कि ऐसी अनावश्यक, दंभी घोषणा भविष्य में उलटे अपने मुंह पर गोबर पडने की संभावना अपने हाथों से बनाना है- यदि वह दल मिटने के बजाए बढ़ जाए (जो अभी-अभी हुआ)। सामान्य नेता ऐसी घोषणाएं नहीं करते। केवल संघ-प्रशिक्षित असामान्य वर्ग में ऐसे मूढ़मति पनपते हैं जो लज्जा की बात पर गर्व करते, और ताली पीटते हैं।

वस्तुतः वह घोषणा अपने समर्थक मतदाताओं के प्रति भी अजूबा थी। जिन्होंने भाजपा को चाहे अन्य जिन चीजों के लिए भी मत दिया हो, उस में किसी दल को मिटा देने की बात नहीं थी। न उस चुनाव से पहले भाजपा के बयानों या घोषणापत्र में कहीं यह बात दर्ज थी, कि वे देश को कांग्रेस मुक्त' करने का लक्ष्य रखते हैं। अतः निर्वाचित होकर संवैधानिक पद संभाल लेने के बाद एकाएक वैसी घोषणा भाजपा समर्थक मतदाताओं के लिए भी अप्रत्याशित थी। असंवैधानिक, अनावश्यक और फूहड़ तो थी ही।अब उन की नवीनतम करनी को लीजिए। उसी कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए उन्होंने एक हत्या' दिवस ही देश पर थोपा है! यह मूढ़ता की पराकाष्ठा है। सब से पहले तो मानव निर्मित कामकाजी नियमों की एक संहिता, जिसे वैधानिक रूप से रोज संशोधित किया, बल्कि आमूल बदला हटाया जा सकता है, उसे किसी जीवित मनुष्य सा मानकर रक्षा' और हत्या' जैसी शब्दावली उत्तेजक और बचकानी है।क्योंकि यदि संविधान की हत्या' नामकरण उचित माना जाए, तब तो संविधान का हर संशोधन भी अंग-भंग' जैसा अपराध बनता है! जो अपराध खुद संघ-भाजपा के नेता गत वर्षों में सात बार कर चुके हैं। यानी, उन की रक्षा/हत्या शब्दावली में कहें तो, उन्होंने कभी संविधान की कोई ऊंगली काट दी, कभी उस के केश नोच लिए, कभी आंख में लकड़ी डाली, तो कभी घुटना घायल कर दिया। आखिर, यदि संविधान की हत्या' हो सकती है, तो उस की चमड़ी उधेड़ी जा सकती है, उस के कान काटे जा सकते हैं, उसे लंगड़ा बनाया जा सकता है, आदि। अतः संविधान जैसी कागजी निर्जीव वस्तु के लिए हत्या' शब्द ही अनुचित है। दूसरे, ऐसे नाम का औपचारिक अनुष्ठान सब पर थोपना बच्चों-किशोरों-युवाओं की नई पीढ़ी की संवेदनाओं पर आघात है, जिसे हत्या' जैसी उत्तेजक चीज मनाने, दुहराने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वह भी किस लिएमार्क्स ताकि एक दल द्वारा प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दल को निरंतर बदनाम करने का क्षुद्र उद्देश्य प्राप्त हो सके। ऐसे निम्न कोटि के दलगत स्वार्थ साधने में कोई राष्ट्रीय हित नहीं है। बल्कि कच्चे दिमाग दलीय कार्यकर्ताओं में आवेश, उग्रता बढ़ाकर उलटे देश समाज की हानि करना है।तीसरे, यदि यह हत्या' पचास साल पहले हुई थी, तो संघ-भाजपा नेताओं को यह हत्या दिवस मनाने का विचार अब तक क्यों नहीं आया। मानो, अपने घर में कोई हत्या होने और उस की जानकारी रहने के बावजूद, कोई मजबूत सामंत उस की एफआईआर पचास साल बाद दर्ज कराए! ऐसी करनी स्वतः संदिग्ध हो जाती है। सो, गत पांच दशकों में न तो दल या संगठन के रूप में, न जब-जब वे सत्तासीन हुए, तब सत्तातंत्र द्वारा भी संघ-भाजपा महाप्रभुओं ने पहले कभी संविधान हत्या' दिवस क्यों नहीं थोपा। इस का उत्तर यही है कि न तो कोई संविधान हत्या हुई थी, न पचास साल पहले की उस घटना के प्रति देश की जनता में कोई स्थायी नाराजगी थी। (बल्कि तात्कालिक नाराजगी भी संपूर्ण देश में नहीं थी। तमिलनाडु, आंध्र, असम, आदि कई राज्यों में 1975-77 के आपातकाल के समय और तत्काल बाद भी कांग्रेस का समर्थन पहले से बढ़ा या यथावत था।) इस का सब से बड़ा प्रमाण यह कि आपातकाल के पांच वर्ष ही बाद, 1980 में, जनता ने भारी बहुमत से उसी कांग्रेस को पुनः केंद्रीय सत्ता में प्रतिष्ठित कर दिया। बाद में भी, लंबे-लंबे समय कांग्रेस सत्ता जन-समर्थन से बनती रही है।तब, आज पचास साल बाद, उस प्रसंग को उत्तेजक नाम देकर देश पर थोपने की कोशिश संघ-भाजपा नेताओं की मूढ़ता ही दिखाती है। जिन्हें समझ नहीं कि ऐसी संकीर्ण पार्टी-बंदी व दलीय-स्वार्थ पूरे देश। पर जबरन थोपने की कोशिश संभवतः उल्टी प्रतिक्रिया जगाएगी।

कांग्रेस के प्रति लोगों में सहानुभूति तथा भाजपा के प्रति वितृष्णा बढ़ाएगी, क्योंकि ऐसे अनुचित, क्षुद्र कदमों की वास्तविक मंशा किसी को भी शीशे की तरह साफ दिखती है। चौथे, इस बेचारे निर्जीव संविधान को किसी अमर देवता जैसा दिखाने की कोशिश भी मूढ़ता है। इसलिए भी, क्योंकि इस के कथित जनक डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनने-लागू होने के तीन ही वर्ष बाद इसे किसी काम का नहीं बता कर इसे जला देने के लिए आगे बढने वाला मैं पहला व्यक्ति होऊंगा कहा था। वह भी संसद में, दो बार, लंबे अंतराल के साथ, ठसक से कहा था। डॉ. अम्बेडकर ने इस संविधान को जला कर नष्ट कर देना चाहने की बात दो सितंबर 1953 और 19 मार्च 1955, दोनों बार संसद में ही कही थी। वह भी कारण बताकर। इस से उन की गंभीरता झलकती है। यानी, वह कोई क्षणिक आवेश में कही गई हलकी बात नहीं थी।

# बुलडोजर संस्कृति पर पुर्नविचार जरूरी

भाजपा में आंतरिक क्या अन् र्तविरोध है, यह प्रकट नहीं हो तो कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों के विवाद जनता के सामने जल्दी आ जाते हैं और टी.वी. चैनल उन्हें बड़ा चढ़ा कर दिखलाते हैं । हाल ही में दिल्ली के कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा ज्वाइन कर ली । वे एक बार पहले भी भाजपा में जा चुके थे । संजय निरुपम शिवसेना छोड़कर कांग्रेस में आये थे, अब वे राहुल गांधी से विरोध के कारण पुनः शिंदे गुट की शिवसेना में चले गये । असम के वर्तमान मुख्यमंत्री पहले कांग्रेस के अन्तरंगों में से थे । उनकी पहुंच सीधे राहुल गांधी के अन्दर के कमरे तक थी । आप की पार्टी की ओर से दिल्ली महिला आयोग की स्वाति मालीवाल से विवाद कोर्ट तक पहुंच चुका है । शाजिया इल्मी आप पार्टी की ओर से लोकसभा का चुनाव गाजियाबाद से लड़ चुकी हैं । कुमार विश्वास, आशुतोष बगैरा पूर्व आम आदमी पार्टी में रह चुके हैं । सपा के एक पूर्व प्रवक्ता आजकल भाजपा का गुणगान करते हैं । केवल आशुतोष को छोड़कर अन्य सभी पार्टी बदलने वाले अपनी पूर्व पार्टी को कोसते हैं । आध्यात्म और नैतिक दृष्टि से यह उचित नहीं है । सम्बन्धों में दरार आती है, पर वह आम जनता तक नहीं पहुंचनी चाहिए । तलाक के कछ मामलों को छोड़कर शेष में पति-पत्नी के बीच पिछले जीवनको लेकर बहुत-कुछ बुरा भला कहा जाता है । भाजपा का आंतरिक क्लेश, अच्छा है, बाहर प्रकट नहीं होता । इसी से उस पर लिखना नैतिक दृष्टि से उचित नहीं होगा । हां योगी जी की बुलडोजर कार्यवाही अब आम हो गई है । अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी इसे निभा रहे हैं । असल में बुलडोजर से किसी का घर तोड़ना एक प्रकार का दण्ड है । प्रजातंत्र में तीन स्तंभ होते हैं कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका । दण्ड देने का अधिकार केवल न्यायपालिका के पास होता है । अब तो बात-बात पर बुलडोजर चलता है । कहते हैं यह मकान सरकारी जमीन पर बना है, या नगर पालिका से नक्शा पास नहीं था । पूरी बस्ती ही गैर-कानूनी है । अभी पिछले दिनों पूरा नगर ही उजाड़ दिया गया । असल में इसके लिए न्यायालय का आदेश होना चाहिए । पर शायद यश और ख्याति बटोरने के लिए बुलडोजर चलता है । उत्तर प्रदेश में तो ऐसे उदाहरण भी हैं कि मकान पत्नी के नाम पर है परन्तु पति के किसी कार्यवाही के कारण मकान ध्वस्त कर दिया जाता है । रेलवे की पटरी के पास बहुत सी सरकारी जमीन पर लोगों ने कब्जा किया हुआ है । आखिर ऐसा क्यों होता है। हम कहते हैं कि हम आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था हैं और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था हो जायेंगे रूस और अमरीका के बाद । परन्तु फिर प्रति व्यक्ति आय क्यों घट रही है। क्या कोई सरकारी जमीन पर कब्जा करता है । कार्यपालिका क्या करती है। क्यों नहीं सरकारी जमीन पर पहली ईंट रखते समय ही उसे क्यों नहीं रोका जाता। अब तो मंत्रीगण और क्षेत्र के विधायक भी उनके इलाके में हो रहे कार्यों का निरीक्षण करते हैं । विधायक कलेक्टर को भी धमकाने लगते हैं । छोटे अफसरों की तो बात ही छोड़ दो । तहसीलदार भी अब अस्पताल का निरीक्षण करके सी.एम.ओ. को धमकाते हैं ।

## तस्वीरों की दुनिया



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने नई दिल्ली में एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू, सिंचाई मंत्री उत्तम रेड्डी ने नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।



मुंबई में नवीनतम वीट हेयर रिमूवल सॉल्यूशन के अनावरण के अवसर पर अभिनेत्री सारा अली खान।



लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर में श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान शिव की आरती करते पुजारी।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मानसून सत्र में भाग लेने के लिए पटना में राज्य विधानसभा पहुंचे।



पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार को मुरादाबाद के शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्त।

# नेपाल के तीन बैराजों से छोड़ा गया पानी, यूपी में उफान पर आई नदी, निचले इलाकों में पलायन




नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।

नेपाल के तीन बैराजों से करीब दो लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से उत्तर प्रदेश के मऊ, बलिया और आजमगढ़ में सरयू नदी उफान पर है। मऊ में सरयू खतरे के निशान बिंदु 69.90 से 20 सेमी से ऊपर बह रही है। बलिया में नदी का जलस्तर सोमवार सुबह खतरे के निशान 64.10 मीटर पर पहुंच गया। आजमगढ़ में पानी खतरे के निशान बिंदु को पार कर गया है और प्रति घंटा दो सेमी की गति से बढ़ रहा है।उधर, उत्तराखंड में भारी वर्षा के कारण चारधाम यात्रा मार्ग पर परेशानियां बढ़ गई है। हालांकि, गंगोत्री हाईवे अवरुद्ध होने से फंसे दो हजार कांवड़ियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, लेकिन पांच सौ से अधिक अब भी फंसे हुए हैं। कुमाऊं में भारी वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। पिथौरागढ़ में चीन सीमा को जोड़ने वाले दो मार्ग अवरुद्ध हैं। मुनस्यारी में एक मकान मलबे की चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हुआ है। काली, गोरी, रामगंगा, मंदाकिनी नदियां उफान पर हैं।पिथौरागढ़ प्रशासन ने नदी किनारे बस्तियों में अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार को देहरादून में करीब छह घंटे में 100 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की गई, जिससे शहर के ज्यादातर क्षेत्र जलमग्न हो गए। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, मंगलवार को राज्य के अधिकतर जिलों में भारी वर्षा के आसार हैं। बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल, चंपावत और ऊधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, उत्तरकाशी, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा व हरिद्वार जनपदों में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। बलिया में गंगा का जलस्तर भी बढ़ रहा है, जो कि अभी खतरे के निशान से थोड़ा ही नीचे है। ऐसे में मऊ, बलिया व आजमगढ़ जिलों में तटीय इलाकों से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। मऊ के गोधनी व बीबीपुर रिंग बंधों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भारत माता मंदिर व मुक्तिधाम श्मशानघाट पर भी कटान का खतरा है। जल पुलिस और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ राहत चौकियों की तैयारी शुरू कर दी है। बाढ़ के पानी ने अभी गांवों में प्रवेश करना शुरू नहीं किया है।

## हर समय अमेरिकी लोगों के लिए लड़ते हैं कमला हैरिस ने की जो बाइडन की प्रशंसा

**वाशिंगटन 23 जुलाई।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने सोमवार को मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के नेतृत्व की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी उपलब्धियों का विरासत आधुनिक इतिहास में बेजोड़ है। हैरिस ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन ने अपने एक ही कार्यकाल के दौरान अधिकांश राष्ट्रपतियों की विरासत को पीछे छोड़ते हुए इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि मैं खुद इस बात की प्रत्यक्ष गवाह हूं कि हर दिन हमारे राष्ट्रपति जो बाइडन अमेरिकी लोगों के लिए लड़ते हैं और हम अपने राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के लिए उनके बहुत आभारी हैं। कमला हैरिस का यह बयान जो बाइडन द्वारा 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ के लिए डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनको समर्थन देने के बाद आया है। अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के मातृपक्ष के तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले में स्थित तुलसेंद्रपुरम गांव में इन दिनों खास तरह की खुशी है।

## नहीं सुधरे नेपाल के पीएम केपी ओली, सत्ता संभालते ही भारतीय क्षेत्रों पर फिर ठोका दावा



काठमांडू, 23 जुलाई।

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सत्ता संभालते ही भारत के क्षेत्र पर फिर दावा ठोका है। उन्होंने कहा है कि लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित महाकाली नदी के पूर्व के इलाके नेपाल के हैं। हालांकि भारत के साथ सीमा मुद्दों को कूटनीति के माध्यम से सुलझाने की प्रतिबद्धता भी जताई है। ओली पहले भी भारतीय इलाकों पर दावा ठोकते रहे हैं। नेपाल के दावों को भारत सिरे से खारिज कर चुका है। ओली ने 15 जुलाई को नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने के एक दिन बाद सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए ओली ने सोमवार को कहा, काठमांडू अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में स्पष्ट और दृढ़ है। ओली ने कहा कि 1816 की सुगौली संधि के अनुसार लिंपियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित महाकाली नदी के पूर्व में स्थित क्षेत्र नेपाल के हैं, हालांकि ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ सीमा मुद्दों को कूटनीति के माध्यम से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध है।

ओली ने कहा कि नेपाल ने एक नया नक्शा अपनाया है जिसे 2017 में संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से शामिल किया गया है। इसमें उल्लेख किया गया है हमारी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में राष्ट्रीय सहमति है। ओली ने कहा, नेपाल और भारत के प्रधानमंत्रियों के बीच उच्च स्तरीय यात्राओं के दौरान हुई मुलाकातों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तंत्र के माध्यम से सीमा मुद्दों को सुलझाने के लिए सहमति बनी है नेपाल-भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर चार जनवरी को आयोजित 7वीं नेपाल-भारत विदेश मंत्री स्तरीय संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान भी चर्चा की गई।

## अमेरिका में कमला हैरिस के नाम की गूंज, अब पूर्व राष्ट्रपति ने भी किया समर्थन का ऐलान, इस प्रमुख डेमोक्रेट ने नहीं खोले अपने पत्ते



वाशिंगटन, 23 जुलाई [एजेंसी]।

अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी में अब भारतीय मूल की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम की चर्चा है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए वह पार्टी की संभावित प्रत्याशी हैं। उनका नाम रविवार को अपनी उम्मीदवारी से पीछे हटने की घोषणा करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रस्तावित किया था। इस समय केवल कमला का नाम पार्टी में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए चर्चा में है। सूत्रों के अनुसार सभी 50 राज्यों के पार्टी प्रमुख भी उनके समर्थन में हैं। पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और उनकी पत्नी पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने कमला के समर्थन का ऐलान किया है, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी की सबसे पुरानी नेता और प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा चुप हैं। 84 वर्षीय पेलोसी और ओबामा के असहमति जताए जाने के बाद ही बाइडन ने राष्ट्रपति पद का दोबारा चुनाव लड़ने की अपनी प्रबल इच्छा त्याग कर रविवार को पीछे हटने की घोषणा की थी।अमेरिकी पिता और भारतीय मूल की मां की संतान कमला हैरिस बीते साढ़े तीन वर्षों से अमेरिका की उप राष्ट्रपति हैं।

चुनाव से करीब 100 दिन पहले राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए उनके नाम की चर्चा हो रही है, लेकिन चुनाव में कमला हैरिस रिपब्लिकन पार्टी के सशक्त उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हरा पाएंगी, इसे लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी के कई नेताओं को संशय भी है। ऐसे में कमला की उम्मीदवारी को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी अगस्त में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले अंदरूनी रायशुमारी करा सकती है। बीते हफ्तों में बाइडन की उम्मीदवारी पर सवाल उठने के साथ ही कमला को राष्ट्रपति पद के लिए प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा भी चल रही थी। रविवार को जैसे ही बाइडन ने अपना नाम वापस लिया और कमला का नाम प्रस्तावित किया।

# उन्नाव हादसे के बाद कटघरे में महोबा एआरटीओ, जांच में होश उड़ाने वाले तथ्य आए सामन, अधिकारियों में हड़कंप

महोबा, 23 जुलाई [एजेंसी]।



उन्नाव के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में बस सवार 18 लोगों की मौत हो गयी। जबकि 19 लोग घायल हो गए। जिस बस से यह हादसा हुआ उसका महोबा से पंजीकरण से हुआ है, जांच में होश उड़ाने वाले तथ्य सामने आये हैं। बस का पंजीकरण भले ही महोबा के उप संभागीय परिवहन कार्यालय से हुआ है लेकिन यह बस कभी महोबा नहीं आयी, इतना ही नहीं करीब 50 बसें ऐसी हैं जो दूसरे शहरों व राज्यों से संचालित हो रही हैं और उनका पंजीकरण महोबा एआरटीओ कार्यालय से हुआ है।उन्नाव हादसे के बाद पंजीकरण में हुई अनियमितता की जांच के लिए बांदा आरटीओ के नेतृत्व में दो सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। टीम ने जांच शुरू करते हुए महोबा एआरटीओ कार्यालय से वर्ष 2018 व 2019 के वाहन पंजीकरण से संबंधित फाइलों को जब्त कर लिया है।उन्नाव में जिस बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 18 लोगों की जान चली गई, महोबा के उप संभागीय परिवहन कार्यालय से पुष्पेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति नाम पंजीकृत है। पुष्पेंद्र का पता खन्ना थाना थाना क्षेत्र का मवई खुर्द गांव दर्ज है।इसकी जानकारी होने पर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया। बस को यहां किस तरह पंजीकृत कराया गया, इसकी जांच के लिए बांदा के संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम जांच के लिए महोबा भेजी गई। उन्नाव में दुर्घटनाग्रस्त बस यूपी 095 टी 4729 खन्ना थाना क्षेत्र के मवई खुर्द गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह के नाम केयर आफ में दर्ज है। बस का संचालन एमएस केसी जैन ट्रेवल्स के द्वारा किया जा रहा है। यह कंपनी जोधपुर की है। शिकायत सामने आयी ही कि वर्ष 2018 से 2019 के बीच महोबा के उप संभागीय परिवहन कार्यालय से करीब 50 बसें केयरआफ में दलालों के माध्यम से पंजीकृत हुई हैं।उस दौरान इसका विरोध भी बस आपरेटरों के द्वारा किया गया था, फिलहाल उन्नाव हादसे के बाद 2018-2019 में दर्ज अन्य ऐसी और बसों को फाइलों को जब्त कर लिया गया है, जांच टीम यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार केयर आफ में गलत पता का इस्तेमाल कर कितनी की पंजीकरण करा उनका संचालन हो रहा है।

बस नंबर यूपी 95 टी 4729 पुष्पेंद्र सिंह के नाम पंजीकृत हैं, पुष्पेंद्र का पका खन्ना थाना क्षेत्र के ग्राम मवई खुर्द दर्ज हैं, लेकिन जांच टीम गांव पहुंची तो पुष्पेंद्र सिंह वहां नहीं मिले, जिससे संदेह है कि पता फर्जी है। पंजीकरण फाइल में उनका मोबाइल नंबर दर्ज था। उस नंबर पर काल की गई तो कई कॉल के बाद फोन रिसीव हुआ।पुष्पेंद्र ने बताया कि जिस कंपनी द्वारा बस का संचालन किया जा रहा है पहले वह उसी कंपनी में नौकरी करता था। कंपनी ने केयर आफ उसके नाम बस का पंजीकरण करा लिया था। बांदा संभागीय परिवहन अधिकारी उदयवीर सिंह के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पंजीकरण फाइलों को जब्त किया गया है।

## नेपाल गए युवक का नाला में पड़ा मिला शव, शरीर पर मिले चोट के निशान



पूरनपुर, 23 जुलाई [एजेंसी]।

युवक का शव नाले में पड़ा मिला। शरीर पर चोट के निशान होने से हत्या कर फेंकने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया।नेपाल सीमावर्ती हजारा थाना क्षेत्र के गांव वमनपुर भगीरथ निवासी जसवीर सिंह बताया जा रहा है कि रविवार को नेपाल गया था। देर रात तक वापस नहीं लौटा। उसके स्वजन रात भर तलाश करते रहे लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। दूसरे दिन सोमवार की शाम के समय गांव से कुछ दूर युवक का नाले में भारतीय क्षेत्र में शव पड़ा देखा गया।बताया जा रहा है कि युवक के शरीर पर चोटें के निशान हैं। शव मिलते ही स्वजनों में खलबली मच गई।

उन्होंने गांव के ही एक युवक पर हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। जसवीर उसी युवक के साथ गया था। इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई।पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि युवक रविवार को पानी में डूब गया था। उसका शव बरामद हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली को नोटिस देने का दिया निर्देश

नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।



निठारी हत्याकांड मामले की सुनवाई को दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्धनगर के एसएसपी को आरोपी सुरेंद्र कोली को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्रार सुजाता सिंह ने कहा कि पीड़ितों में से एक के पिता पप्पू लाल की अपील पर जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने गाजियाबाद की डासना जेल में बंद आरोपी कोली को नोटिस नहीं दिया गया है। कोर्ट के 18 जुलाई के आदेश में कहा गया है कि एसएसपी गौतमबुद्ध नगर के माध्यम से प्रतिवादी संख्या एक (सुरेंद्र कोली) को नोटिस जारी किया जाए। कोर्ट ने मामले को चार सितंबर के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि हाईकोर्ट व निचली अदालत की ओर से मामले के रिकार्ड का इंतजार है।गौरतलब है कि 19 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के सनसनीखेज निठारी हत्याकांड मामले में कोली को बरी करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई और उत्तर प्रदेश सरकार की अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई थी।यह सनसनीखेज हत्याकांड 29 दिसंबर 2006 को नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंधेर के घर के पीछे एक नाले से आठ बच्चों के कंकाल मिलने के बाद सामने आया था। पंधेर भी इस मामले में आरोपित था।

## दो युवकों ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, सोते समय घर से खींच कर ले गए, खंडहरनुमा मकान में अचेत मिली पीड़िता

**महोबा 23 जुलाई।** छत पर सोते समय किशोरी को दो युवक अगवा करके खंडहर में ले गए और यहां उन्होंने उसके साथ दुष्कर्म किया। सुबह परिजनों ने किशोरी को गायब देखा तो उसकी तलाश शुरू की। घटनास्थल में जाकर देखा तो किशोरी अचेत पड़ी थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लिया है।घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम की है। यहां की निवासी 15 वर्षीय किशोरी रविवार की रात्रि छत पर सो रही थी। तभी गांव के ही देवसिंह व सोनू राजपूत बगल वाले मकान से चढ़कर किशोरी का मुंह दबाकर अपने साथ उसे खंडहर में ले गए। सुबह करीब पांच बजे जब किशोरी गायब मिली तो उसकी खोजबीन की गई। तलाशते हुए परिजन देवसिंह के पुराने खंडहरनुमा मकान पर पहुंचे। देवसिंह ने तमंचा दिखाकर उन्हें अंदर जाने से रोका, लेकिन ग्रामीण अंदर गए तो देखा कि किशोरी अचेत पड़ी थी। किशोरी ने घटना की सारी जानकारी दी तो दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणों ने सोनू को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया। सीओ सिटी दीपक दुबे व एसएचओ नरेंद्र प्रताप सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## इमरान खान की पार्टी ने अज्म-ए-इस्तेहकाम का किया विरोध, बैठक में खैबर पख्तूनख्वा को लेकर भी बनी सहमति

खैबर पुख्तूनख्वा, 23 जुलाई [एजेंसी]।

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम का कड़ा विरोध किया है। पीटीआई ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा में किसी भी सैन्य हस्तक्षेप का कड़ा विरोध किया जाएगा। समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, इस्लामाबाद में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान और असद कैसर सहित कई नेताओं ने सरकार के ऑपरेशन



अज्म-ए-इस्तेहकाम के प्रभावों पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान सभी ने इस ऑपरेशन के खिलाफ एकजुटता व्यक्त की। एआरवाई न्यूज के मुताबिक, पार्टी के सदस्यों ने इस बात पर एकजुटता व्यक्त की है कि अगर खैबर पख्तूनख्वा में किसी भी तरह से कोई सैन्य कार्रवाई की जाती है तो पीटीआई उसका विरोध करेगी। ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम के खिलाफ असंतोष को अन्य राजनीतिक संस्थाओं ने भी दोहराया। पीटीआई नेताओं ने कहा कि ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम पाकिस्तान की सुरक्षा को मजबूत करने के बजाय उसकी कमजोरियों को बढ़ा सकता है।

पाकिस्तान में आतंकवाद और राष्ट्रीय विरोधी अभियानों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम चलाने का निर्णय लिया था। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, सरकार ने गिलगित-बाल्टिस्तान सहित कई प्रांतों में ऑपरेशन अजम-ए-इस्तेहकम के माध्यम से एक नए सिरे से सक्रिय और आतंकवाद विरोधी अभियान से निपटने के लिए मंजूरी दी है।

# अदनान शेख का मजाक उड़ाने पर एल्विश यादव पर भड़के अनिल कपूर, बीच शो में लगाई विनर की क्लास




नईदिल्ली, 23 जुलाई [एजेंसी]।

बिग बॉस ओटीटी 3 में इस बार वीकेंड का वार में दो खास मेहमान पहुंचे। इनमें एल्विश यादव और फैसल शेख का नाम शामिल है, दोनों अपने- अपने दोस्त के लिए बिग बॉस ओटीटी 3 में पहुंछे। एल्विश ने लवकेश कटारिया को सपोर्ट किया, तो वहीं फैसल ने अदनान शेख की पैरवी की। हालांकि, इस दौरान अनिल कपूर से बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर एल्विश को फटकार खानी पड़ गई।बिग बॉस ओटीटी 3 में एल्विश और फैसल मलिक अपने पसंदीदा घरवालों को लेकर आमने-सामने आ गए। जहां एल्विश ने इस दावे को खारिज कर दिया कि लवकेश कटारिया खुद के लिए खड़े नहीं होते, वहीं फैसल ने अदनान को एक दयालु, मिलनसार शख्स कहा। अनिल कपूर ने सवाल किया कि क्या अदनान बाहरी खबरों के बारे में बात करते हैं। इस पर एल्विश ने जवाब देते हुए कहा, सर मैंने आपको बोला था ना, उसको थोड़ा मेडिकल इश्यू है डॉक्टर वाला, मुझे लगता है थोड़ा दिमाग का इश्यू है सर, क्योंकि इंसान तो एक बारी में मान लेता है बात। एल्विश यादव पर भड़के अनिल कपूर अनिल ने उन्हें जवाब देते हुए कहा, एल्विश, देखो जोक एक बार फनी होता है, बार-बार नहीं। आपको क्या लगता है बिग बॉस ने उन्हें मेडिकल प्रोसीजर फॉलो किया बिना अंदर डाला है। इस पर एल्विश ने कहा, फॉलो करा होगा सर। फिर होस्ट ने कहा, तो फिर जब मैं आपसे सच में कुछ पूछ रहा हूं तो आप क्यों घड़ी-घड़ी, वही जोक मार रहे हो। हालांकि, अंत में एल्विश यादव ने अनिल कपूर से माफी मांग ली। बिग बॉस ओटीटी 3 के अपडेट की बात करें, तो इस बार शो से दीपक चौरसिया बाहर हुए हैं। इस हफ्ते से शो से एलिमिनेट होने के लिए दीपक चौरसिया के साथ अदनान शेख, विशाल पांडे, अरमान मलिक, सना सुल्तान, सना मकबूल और लव कटारिया नॉमिनेटेड थे।

## काम के लिए हुनर ही नहीं, अच्छी सेहत भी जरूरी आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर जताई गई चिंता

**नई दिल्ली।** कुछ बुरी आदतें केवल कामकाजी लोगों की राह ही नहीं रोक रहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। आर्थिक सर्वेक्षण में यह चिंता भी सामने आई है कि इंटरनेट मीडिया, स्क्रीन टाइम और सेहत के लिए खराब मानी जाने वाली खाद्य सामग्री का बड़ा खतरा मौजूद है, जो लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ ही उनकी उत्पादकता पर बुरा असर डालने वाला है और इससे कुल मिलाकर देश की आर्थिक मजबूती पर असर पड़ने वाला है। इस संदर्भ में निजी क्षेत्र को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।सर्वेक्षण में कहा गया है कि श्रम पर पूंजी को तरजीह देना दीर्घ काल के लिए कॉरपोरेट ग्रोथ सही नहीं होगा। यह निष्कर्ष इस लिहाज से अहम है, क्योंकि उद्यमियों और उद्योगपतियों ने मांग के अभाव का हवाला देकर निवेश करने के प्रति अनिच्छा प्रदर्शित की है।

## फाजिलपुरिया के बाद एल्विश यादव से पूछताछ करेगी ईडी, आज लखनऊ किया तलब



**लखनऊ/नोएडा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रेव पार्टियों में सांपों के जहर की सप्लाई के आरोप से घिरे यू-ट्यूबर एल्विश यादव से मंगलवार को पूछताछ की तैयारी में है। ईडी ने नोटिस देकर एल्विश को तलब किया है।ईडी ने पूर्व में आठ जुलाई एल्विश व उसके करीबी फाजिलपुरिया के नाम से विख्यात हरियाणा के गायक राहुल यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। तब फाजिलपुरिया ईडी के सामने आए थे। लेकिन, एल्विश ने विदेश में होने की जानकारी देते हुए ईडी अधिकारियों से समय मांगा था।ईडी ने एल्विश को पूछताछ के लिए मंगलवार को बुलाया है। ईडी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज कर जांच कर रहा है।

पांच सपेरों और एल्विश यादव के खिलाफ बीते साल नवंबर में कोतवाली सेक्टर-49 में केस दर्ज हुआ था। केस पीपुल्स फार एनिमल संस्था के सदस्य की ओर से दर्ज कराया गया था। उस समय पांच सपेरों की मौके से ही गिरफ्तारी हो गई थी, जबकि एल्विश को कई माह बाद गिरफ्तार किया गया था। सपेरों के पास से पुलिस ने कोबरा समेत नौ सांप और बीस एमएल जहर भी बरामद किया था। इस मामले में एल्विश कई दिन तक जेल में रहा था। उसके साथी विनय और ईश्वर की भी गिरफ्तारी पुलिस ने इसी मामले में की थी।

## दूरस्थ आंगनवाड़ी, स्कूल व छात्रावासों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों, स्कूलों, छात्रावासों और आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विगत दिनों निर्देश दिए थे। निर्देश का असर आज देखने को मिला जब सोनहत विकासखण्ड के आदिवासी बालक आश्रम, बंशीपुर, घुघरा, प्री-मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय व आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता अनिल मिश्रा व सोनहत तहसीलदार पी.एन. कोशिश द्वारा किया गया।इन अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी सम्बंधित विभाग को उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि उक्त संस्थानों का नियमित निरीक्षण करने से वहां की समस्याओं, आवश्यकताओं और सुविधाओं का सटीक आकलन किया जा सकेगा। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर, स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं,आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, दवाइयों की उपलब्धता, गरम भोजन, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की जांच शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे जिम्मेदारीपूर्वक और गुणवत्तापूर्ण निरीक्षण करें।

## 28 लोगों ने रक्तदान करने के साथ दूसरों को इस दिशा में बढ़ने की प्रेरणा दी



**कोरिया बैकुंठपुर।** चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी ने कोरिया के जिला अस्पताल के बल्ड बैंक में 'जीवन साझा' के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस मानवीय सेवा के अभियान में हर आयु वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर शामिल हुए और 28 लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर ने इस अवसर पर चर्च ऑफ गॉड वर्ल्ड मिशन सोसाइटी के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा, रक्तदान एक नेक कार्य है जो मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती और यह अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। शिविर में बैकुंठपुर अस्पताल के बल्ड बैंक ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया ताकि रक्तदान प्रक्रिया सुरक्षित और व्यवस्थित हो सके। सोसायटी के सदस्य बोधन एक्का ने बताया कि यह विश्व में 1533 वां विश्व रक्तदान ड्राइव था। उन्होंने अपने पड़ोसियों को संदेश दिया कि रक्तदान माता के प्रेम से प्रेरित होकर किया गया कार्य है, जो फसह के प्रेम के माध्यम से जीवन देने की इस मुहिम को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रक्तदाता, डॉक्टर, और पैथोलॉजी स्टाफ उपस्थित थे।

## गुरू पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय खरवत में शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश राजवाड़े अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्ति शिक्षक विश्वनाथ राजवाड़े एवम रामकुमार राजवाड़े का संस्था प्राचार्य बी एन मिश्रा के द्वारा शॉल श्रीफल देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात छात्रो ने संस्था के सभी शिक्षकों का सम्मान कर रोली चंदन एवम पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया एवम आशीर्वाद लिया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश राजवाड़े ने कार्यक्रम में उद्बोधन में कहा की शिक्षको का महत्व जीवन मे कभी कम नही होता है छात्रो को शिक्षकों को हमेशा सम्मान की देने की सीख देते हुए कहा कि आज भारत विश्व गुरु बन गया है विश्व को योग आध्यात्म ,और शून्य दिया है साथ वसुधैव कुटम्बकम की भावना दी। राम कुमार राजवाड़े ने बच्चों को शिक्षक के प्रति श्रद्धा अवम विश्वास रखने प्रेरित किया। विश्नाथ राजवाड़ ने कबीर को उद्धरित करते हुए गुरु की महिमा का बखान किया। प्राचार्य ने सनातन काल से गुरु परंपरा से सदन को परिचित कराया। विविध कार्यक्रम अंतर्गत निबन्ध प्रतियोगिता विषय गुरुकुल व्यवस्था एवं भारतीय संस्कृति पर प्रभाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य बी एन मिश्रा प्रधान पाठिका दीपिका चंद्रा वीरेंद्र जायसवाल मो अख्तर मंसूरी चेतनारायण कश्यप राहुल अग्रवाल पेतपेरुआ एक्का श्रुति अवस्थी सीमा सिंह सपना विश्वास ललित कुमार प्रियंका पटेल व्यायाम शिक्षक सचिन मिश्रा सहित चतुर्थ कर्मचारी ज्ञानेश्वर राजवाड़े वीरांगना मीरा एवम बिनीता कुजूर उपस्थित रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का किया गया सम्मान



**कोरिया पांण्डवपारा।** संकुल स्तरीय गुरु पूर्णिमा दिवस समारोह माध्यमिक शाला खोड़ में आयोजित किया गया जिसमें संकुल अंतर्गत प्राथमिक माध्यमिक शालाओं के शिक्षक, एवम छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत श्री कुशवाहा, वरिष्ठ शिक्षक अनंतलाल गुप्ता एवम जुनियर शिक्षक कुलदीप श्रीवास को पुष्प गुच्छ, श्रीफल एवम पेन डायरी से सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी जनो को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एस. के. द्विवेदी संकुल समन्वयक एच.पी.साहू छात्र-छात्राएं तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# गुरू का स्थान सदैव ऊंचा रहा है: लंगेह

### समाज, देश व प्रदेश के विकास में गुरुओं का योगदान अतुलनीय



**कोरिया बैकुंठपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय-अशासकीय विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए थे। इसी कड़ी में आज जिले के महलपारा के स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में जिला स्तरीय गुरु पूर्णिमा का आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में किया गया। इसके अलावा जिले के सभी स्कूलों में भी आयोजन किया गया।

महलपारा के स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कक्षा पहली के तस्कीन और कक्षा दूसरी के एकाक्षर गौतम ने अतिथियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरू का स्थान सदैव ऊंचा रहा है। समाज, देश और प्रदेश के विकास में गुरुओं का योगदान अतुलनीय था, है और रहेगा। उन्होंने महान संत कबीर दास की प्रसिद्ध दोहा को याद करते हुए कहारू

**गुरू गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय।**
**बलिहारी गुरू अपने, गोविन्द दियो बताय।।**

उन्होंने समझाया कि इस दोहे में बहुत गम्भीर बातें कही गई हैं। गुरू और गोविंद (भगवान) एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए? गुरू को अथवा गोविंद को? ऐसी स्थिति में गुरू के श्रीचरणों में शीश झुकाना उत्तम है, जिनके कृपा रूपी प्रसाद से गोविंद का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बच्चों से कहा कि हमें सदैव अपने शिक्षकों और गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। उनके बताए मार्ग हमारे जीवन में नई रोशनी फैलाने का काम करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने बच्चों को गुरु का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु दीपक के समान हैं, जो स्वयं जल कर बच्चों के जीवन को प्रकाशित करते हैं। ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी है कि हमें सदैव गुरु की वाणी और उनके बताए मार्ग को जीवन में उतारना चाहिए।विद्यार्थियों ने गुरु वंदना पर नृत्य, माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और गुरु वंदना प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारहवीं की उन्नति जयसवाल ने गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बहुत प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया। गुरु पूर्णिमा पर सेवानिवृत्त शिक्षक कलावती यादव, आदित्य नारायण मिश्रा, देवी प्रसाद मिश्रा सहित वर्तमान पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र सिंह, शेर मोहम्मद, और कनिष्ठ शिक्षक अपर्णा गौतम को जिला कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मोमेंटो और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षद ममता गोयन, प्राचार्य अभय कुमार शर्मा, डीएमसी संजय सिंह, एमआईएस विनय मोहन भट्ट, एसएमडीसी के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाएं,छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में शिवहरी बने उपविजेता याशिका, दीपांकर सेन ,अजय गुप्ता का शानदार प्रदर्शन



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में सरगुजा शतरंज संघ के तत्वावधान में 28 जुलाई को आयोजित प्रथम स्व. जमुना देवी जायसवाल स्मृति संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता जो कि शतरंज भवन प्रांगण गांधी स्टेडियम अम्बिकापुर में आयोजित किया गया उक्त प्रतिभागिता में लगभग 100 से ज़्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ,यह स्पर्धा 4वर्गो में सीनियर वर्ग अंडर 19,अंडर 15,अंडर 09 में सम्पन्न हुआ, इस प्रतियोगिता में कोरिया ज़िला के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया , याशिका ने 9 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां की स्पर्धा में पहला स्थान अर्जित किया सीनियर वर्ग में शिवहरी ने उम्दा खेल का मुजाहिरा करते हुए दूसरा स्थान तथा अजय गुप्ता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया दीपांकर सेन गुप्ता ने भी प्राइज़ जीता। इस अवसर पर कोरिया ज़िला शतरंज संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि हमारे ज़िले में प्रतिभा की कोई कमी नही उन्होंने कहा कि हमारे ज़िले में 6 वर्ष से लेकर अधिकतम उम्र के शतरंज खिलाड़ी है एवं समय समय पर अपने कुशल प्रदर्शन हमारे ज़िले का नाम रोशन कर रहे ये बड़े गौरव की बात है उन्होंने कहा कि बाल खिलाड़ियों का खेल प्रति रुझान जिले के लिए अच्छे संकेत है हमारी पूरी कोशिश रहेगी की राष्ट्रीय मानचित्र में कोरिया को इन होनहार खिलाड़ियों के माध्यम से स्थापित करे,कोरिया ज़िला शतरंज संघ के अब्दुल शमीम, आशीष गुप्ता ,रूप नारायण पाण्डेय,डॉ विजय जांगड़े,डॉ गौरवकान्त बड़ेरिया, शिवहरी,अजय गुप्ता आनंद तिवारी,पुष्पेंद्र सिंह, योगेश गुप्ता ,संवर्त कुमार रूप, अंजुम ,शगुफ्ता खानम, ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को थाना रमकोला पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम दुलदुली निवासी मिश्रीलाल पण्डो ने थाना रमकोला में सूचना दिया कि 19 जुलाई को अपने घर में खाना खाकर घर के सामने भिटका में अकेले बैठा था कि रात करीब 9 बजे इसका पुत्र बहादूर आकर बताया कि हीराचंद फोन कर बताया है कि मुझे जीजा राजनाथ मोबाईल फोन से बताये है कि बहन शांती फौत कर गई है। दिनांक 20 जुलाई को अपने पुत्र व अन्य के साथ मोटर सायकल से ग्राम घुरिया राजनाथ के घर पहुंचे और देखे घर के परछी में इसकी पुत्री का शव जमीन पर रखा हुआ था वहां पर गांव के तथा दुलदुली के बहुत लोग एकत्रित हुऐ थे जो मेरी भतीजी ने कम्बल को कमर तक हटाई तब देखा कि दोनों कान के पास चोट और खून निकला हुआ है। सूचना पर मर्ग कायम कर मौके पर जाकर शव का पंचनामा कर शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के द्वारा मृतिका की मृत्यु का कारण हत्यात्मक प्रकृति का लेख किए जाने पर अपराध क्रमांक 12/24 धारा 103 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भापुसे) ने मामले की बारीकी से विवेचना कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना रमकोला पुलिस के द्वारा विवेचना करते हुए राजनाथ पण्डो पिता रामप्रसाद पण्डो, उम्र 32 वर्ष ग्राम धुरिया, थाना रमकोला को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि पत्नी शांती पण्डो गांव में घुमती फिरती रहती थी जिसे मना करने पर नहीं मानती थी जिससे नाराज होकर कुदारी (फावड़ा) से मारकर हत्या कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुदारी (फावड़ा) जप्त कर आरोपी राजनाथ पण्डो को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रमकोला प्रमोद किस्पोट्टा व उनकी टीम सक्रिय रही।

# नदी पार कर स्कूली बच्चों से मिलने पहुंचे कलेक्टर



**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु स्कूल खुलने के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लेने जिले के अलग-अलग स्कूलों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को औचक निरीक्षण की कड़ी में प्रशासनिक अमले के साथ मैनपाट के सुदूर क्षेत्रों के स्कूलों में कलेक्टर पहुंचे। कलेक्टर भोसकर सबसे पहले पथरीले जटिल रास्ते से होते हुए लगभग दो किलोमीटर पैदल चलकर शासकीय प्राथमिक शाला ढोढाडीह पहुंचे। इसके बाद उन्होंने पैदल ही मछली नदी पारकर प्राथमिक शाला करम्हा एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया।

साथ ही निरीक्षण के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करम्हा, प्राथमिक शाला बिरसापानी, प्राथमिक शाला कदमटिकरा सहित आंगनबाड़ी केंद्रों का भी अवलोकन किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्कूलों की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति, स्वच्छता, पेयजल तथा बिजली की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में गम्भीरता बरतने निर्देशित किया और कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षक स्वयं पालकों से मिलकर बच्चों को स्कूल भेजने प्रेरित करें। मध्यान्ह भोजन का जायजा लेते हुए उन्होंने मेनू के अनुसार भोजन देने, जिसमें हरी सब्जी अवश्य देने निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन हेतु बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर भोसकर ने बच्चों से मुलाकात कर उनसे सवाल किए। इस दौरान बच्चों ने पहाड़े एवं कविताएं भी सुनाई, जिसपर उन्होंने चॉकलेट बिस्किट देकर उनका उत्साहवर्धन किया। पूर्व माध्यमिक शाला करम्हा में सातवीं के छात्र जसवंत ने कलेक्टर भोसकर को फर्राटे के साथ 16 और 19 का पहाड़ा सुनाया तो उन्होंने खुश होकर शाबाशी देते हुए स्वयं की पेन भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। शासकीय हाई स्कूल डॉड़केसरा के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता खराब पाए जाने एवं शिक्षण कार्य में गम्भीरता ना बरतने पर सभी शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय नहीं आते, जिसकी वजह से बच्चे पढ़ना-लिखना नहीं सीख पा रहे हैं। कलेक्टर भोसकर ने तत्काल प्राथमिक, माध्यमिक तथा हाई स्कूल के सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने दो माह के भीतर स्थिति सुधारने की चेतावनी दी। इस दौरान सीएमएचओ डा आरएन गुप्ता, एसडीएम रवि राही, एपीसी रविशंकर पांडेय के साथ जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध अतिक्रमण में लगातार कार्यवाही से अतिक्रमकों में हड़कंप

**बलरामपुर।** वनमंडलाधिकारी बलरामपुर अशोक तिवारी के निर्देशन में अतिक्रमण की रोकथाम हेतु लगातार पहल की जा रही है सभी परिक्षेत्रों में इसकी सतत निगरानी एवं रोकथाम की कार्यवाही कर रही है अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अतिक्रमण हटवाकर पौधा रोपण करवाया जा रहा है एवं अतिक्रमण कर रहे ट्रैक्टर वाहनों की जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है, जिससे अतिक्रमणकारियो में हडकंप मचा हुआ है।इसी कड़ी में आज वन परिक्षेत्र चांदो अंतर्गत परिसर धनजी के कक्ष क्रमांक क्र303 में वन परिक्षेत्राधिकारी अमूलरतन राय के नेतृत्व में वन कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाकर लगभग 10 एकड़ वनभूमि में वृक्षारोपण किया गया। वनमण्डलिकारी बलरामपुर ने बताया कि पूरे बलरामपुर वनमंडल अंतर्गत वनभूमि पर अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## वायु सेना भर्ती के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 28 तक

**सूरजपुर।** भारतीय सैन्य बलों में वायु सेना भर्ती हेतु पंजीयन की अन्तिम तिथि 28 जुलाई 2024 तक पोर्टल में केवल अविवाहित महिला एवं पुरूष ही आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु शुल्क 550 रूपये निर्धारित की गई है। रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज 10वीं एवं 12वीं का अंक सूची, पासपोर्ट साईज की एक फोटो तथा आधार कार्ड लेकर ऑनलाईन लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हेतु जिले के इच्छुक आवेदन अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# सड़क किनारे जंगल में घात लगाए बैठा दिखा तेंदुआ

**सूरजपुर।** प्रेमनगर से सटे बिरंची बाबा धाम के समीप सड़क किनारे जंगल में तेंदुआ के देखे जाने और इसकी तस्वीर इंटरनेट मीडिया में वायरल होते ही इलाके के ग्रामीण दहशत में आ गए। रविवार की शाम सात बजे सड़क किनारे से लगे जंगल में तेंदुआ होने की खबर मिलते ही वहां पहुंची वन विभाग की टीम ने सायरन व सर्च लाइट के सहारे जंगली जानवर तेंदुआ को जंगल की ओर खदेड़ दिया। उसके बाद भी ग्रामीणों में दहशत की स्थिति बरकरार है।

रविवार की देर शाम करीब सात बजे प्रेमनगर थाने से महज पांच सौ मीटर दूरी पर रामानुजनगर मार्ग पर स्थित बिरंची बाबा धाम के निकट सड़क किनारे जंगल में तेंदुआ को देखा गया। वह झाड़ियों के बीच अपना सिर निकाला हुआ था। जानकारी मिलते ही रामानुजनगर रेंजर रामचन्द्र प्रजापति के निर्देश पर तत्काल वन अमला मौके पर पहुंचा। वहां वनकर्मियों ने देखा कि सड़क किनारे जंगल में तेंदुआ घात लगाए बैठा है। वन अमले ने उसका वीडियो भी बनाया। उसके बाद सायरन व सर्च लाइट के सहारे वन विभाग की टीम ने तेंदुआ को जंगल की ओर खदेड़ दिया। बावजूद इसके इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित है। इधर सुरक्षा के लिहाज से वन अमले ने प्रेमनगर इलाके में मुनादी करा दी है कि कोई भी ग्रामीण रात में घरों से बाहर न निकले। दिन में भी ग्रामीण जंगल की ओर जाने से बचें।



प्रेमनगर इलाके के बिरंची बाबा धाम के समीप सड़क किनारे जंगल मे रविवार की देर शाम जंगली जानवर तेंदुआ नजर आया था। इसका वीडियो भी बनाया गया है। वन विकास निगम के वन क्षेत्र क्रमांक 1922 में तेंदुआ पहुंचा था। इसे जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। संभवतः तेंदुआ अमरकंटक जंगल से भटक कर यहां पहुंचा होगा। इलाके में मुनादी करा ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है।



## सरकार चलाने में निरंकुश साबित हो रही भाजपा, हत्या, मारपीट, लूट जैसे अपराध बढ़े - सौरव मिश्रा

**मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवम जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम के मनेंद्रगढ़ दौरे के बाद से ही बयानबाजी तेज हो चुकी है जहां एक तरफ राम विचार नेताम ने यह कहते हुए विपक्ष पर निशाना साधा है की भाजपा सरकार बहुत अच्छा काम कर रही पर विपक्ष सरकार का गुणगान नहीं करेगा। वही दूसरी तरफ जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने भी मंत्री राम विचार नेताम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा की प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के साथ ही क्षेत्र में अपराध में वृद्धि हुई है। मनेन्द्रगढ़ के कोतवाली क्षेत्र में लगातार तीन हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पहली हत्या 10 जुलाई को चनवारीडॉंड़ में दूसरी हत्या 15 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ शहर में और तीसरी हत्या 22 जुलाई को बिहारपुर में हुई। पिछले कुछ दिनों में लगातार हत्या, मारपीट, छेड़छाड़ और लूटपाट जैसे अन्य कई मामले दर्ज हुए हैं। उसके बावजूद भाजपा के मंत्री कितनी निर्लजता से बयानबाजी कर रहे हैं कि कोई अपराध नहीं बढ़ा है। जिला प्रवक्ता मिश्रा ने आगे कहा कि एक तरफ भाजपा की सरकार खुद को आदिवासी की हितैषी साबित करने में जुटी रहती है वहीं दूसरी तरफ जनकपुर में भाजपा के ही वरिष्ठ नेता भाजपा के जिला अध्यक्ष पर नगर पंचायत जनकपुर के आदिवासियों का हक मारने का आरोप लग रहा है। उस पर भी भाजपा के विधायक मंत्री चुप्पी साधे रहते है।

# निजी जमीन पर किए गए निर्माण पर चला बुलडोजर, हुआ बखेड़ा

## जमीन मालिक सहित पार्षद और राताखार क्षेत्र के लोगों ने कार्रवाई पर खड़े किए सवाल

**कोरबा।** नगर निगम के अमले ने आज सुबह राताखार क्षेत्र में एक स्थान पर सीसी रोड और नाली को तोड़फोड़ करने की कार्रवाई की। तर्क दिया कि कब्जा कर यह सब बनाया गया है। हाईकोर्ट के निर्देश पर इस कार्रवाई को करने की बात कही गई। स्थानीय पार्षद और आसपास के लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। लोग इस मसले पर उच्च स्तर पर बात रखने की तैयारी में हैं।

मंगलवार को सुबह जेसीबी के साथ निगम का अमला राताखार वार्ड में पहुंचा और यह कार्रवाई की। उसने हरदीप सिंह राजपाल के द्वारा किए गए निर्माण को तोड़ दिया। इससे पहले निगम की टीम के पहुंचने पर स्थानीय पार्षद रवि चंदेल सहित काफी लोग यहां आ गए थे। उन्होंने इस बारे में जानकारी हासिल की। जमीन के मालिक राजपाल ने बताया कि जमीन उनकी निजी है और अपने उपयोग के लिए यह सब काम कराया गया है। इसमें किसी को आपत्ति क्या हो सकती है। दूसरी ओर निगम अमले की ओर से बताया गया कि जमीन का स्वरूप दूसरा है इसलिए निर्माण पर आपत्ति है। हाईकोर्ट के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान यहां पर खूब हो-हल्ला हुआ। जमीन मालिक सहित लोगों ने विरोध व्यक्त किया। कार्रवाई पर ब्रेक लगाने का प्रयास किया लेकिन यह नाकाम रहा। इस दौरान आरोप भी लगे कि किसी साजिश के तहत यह सब किया जा रहा है जो आपत्तिजनक है। पीड़ित पक्ष ने मामले को उपरी अदालत में ले जाने की बात कही है। उनका कहना है कि मनमाने कामकाज नहीं होने चाहिए और न ही इस प्रकार से लोगों को परेशान किया जाना चाहिए।





### पंडरीपानी में दो निगम कर्मियों का कब्जा

कोरबा तहसील के अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी गांव में नगर निगम के दो कर्मचारियों के द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने का मामला जांच के घेरे में है। खबर के अनुसार सीमांकन में यह प्रमाणित हुआ है। इसके बाद भी कार्यवाही शून्य है।

### दीपका मंडल में पौधा रोपण कल

**कोरबा।** भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक होने के बाद अब मंडलो में बैठक हो रही है। दीपका मंडल में कल पौधा लगाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, नरेश टंडन, अरूणीश तिवारी, सूर्यप्रकाश शर्मा, रजू प्रजापति सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे। 25 जुलाई तक सभी मंडलो में बैठक की जानी है। कटघोरा में धन्नू दुबे, अभिषेक गर्ग, हरदी बाजार में हरीश थरवानी, चुलेश्वर राठौर, कोसाबाड़ी मंडल में सुमन सोनी, दिनेश वैष्णव ,रमा मिरी, बांकी में मनीष मिश्रा हनुमान पाण्डेय बैठक की तैयारी कर रहे है। मंडलो के सभी बूथो में पौधे लगाए जाने के बाद और भी कई कार्यक्रम होगें।

### नौकरी के लिए लगाई गुहार

**कोरबा।** पिछले दिनों सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम के केवंटस का कोरबा आगमन हुआ था। उन्होंने एसईसीएल मुख्यालय जाकर बैठक में शामिल होते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को सामने रखा था। इस बैठक में बल्गी में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत कर्मी के परिजन को बुलाया गया। बैठक में बेवा सावली बाई ने सीएमडी से नौकरी की गुहार लगाते हुए कहा कि उसके पति की मृत्यु के बाद अभी तक परिजनों को नौकरी नही दी गई है। अधिकारियों के द्वारा रिकार्ड गयाब होने के बात कही जाती है। उन्हें कुछ कागजात भी सौंपे गए । सीएमडी ने सावली बाई के परिजनों को नौकरी देने का आश्वासन दिया है। बैठक में एमके केवंटस के साथ शिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरपी खाण्डे सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपध्यायक्ष सिकंदर उसर वर्षा,आरती सोनखर्रे सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बसपा का सदस्यता अभियान

**कोरबा।** लोकसभा के चुनाव के बाद बसपा के द्वारा अधिक सदस्य बनाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओंको दी गई है। बसपा जिलाध्यक्ष फुलचंद सोनवानी, मूलचंद आजाद ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। कोरबा में विधानसभा अध्यक्ष व सचिव राजकुमारी नारंगे, बाबूलाल टंडन सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय हो गए है। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के महासचिव सत्यजीत कुर्रे विधानसभा अध्यक्ष मनोज हीरवानीय के द्वारा दौरा किया जा रहा है।

### गुरु पूजन कार्यक्रम अग्रसेन कॉलेज में आज

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कोरबा उपनगर का गुरु पूजन कार्यक्रम आज शाम 6 बजे से अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में आयोजित किया गया है। गौमुखी सेवाधाम के पूर्व अध्यक्ष श्रेष्ठ सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि होंगे। उपनगर कार्यवाह ने क्षेत्र के संबंधित स्वयंसेवकों को आमंत्रित किया है।

### बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन की बैठक

**कोरबा।** जमनीपाली कॉलोनी में बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन की बैठक ली गई । जिसमें राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को मैदानी क्षेत्र में जाकर हस्ताक्षर अभियान चलाने को कहा विद्युत मंडल को मांग पत्र सौंपा गया है। इस मांग पत्र अभी तक वार्ता भी नही हुई है। बैठक में उपस्थित केदार राठौर, हेतराम खुंटे, संदी राठौर,श्याम सुंदर खुंटे ने कई सुझाव दिए इस आश्य की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में हस्ताक्षर अभियान चलाए जाना है। इसके लिए सभी इकाईयों में अलग अलग बैठक होगी।

# वन्य प्राणियों के शिकार के मामले में पांच ग्रामीण गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



**कोरबा।** जिले के पाली वन परिक्षेत्र के दमिया जंगल में वन्य प्राणियों की शिकार करने के मामले में वन विभाग ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मुख्य आरोपी महेंद्र गंधर्व अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार पाली वन परिक्षेत्र के दमिया जंगल में गत दिनों वन्य प्राणियों जंगली सूअर तथा चीतल की शिकार कर क्षेत्र के ग्रामीणों ने उसके मांस को एक घर में ताला बंद कर छिपा रखा था और इसे बेचने के फिराक में थे। जिसकी मुखबिर द्वारा सूचना दिए जाने पर पाली रेंजर संजय लकड़ा के नेतृत्व में गठित वन विभाग की टीम ने छापा मारकर जब्त किया था। टीम को छापे के दौरान जंगली सूअर व चीतल के मांस व अन्य अंगों के अलावा शिकार में प्रयुक्त कई सामाग्रियां व हथियार मिले थे। वन्य प्राणियों की मांस को जब्त कर वन विभाग की टीम जांच में जुटी तो पता चला कि दमिया गांव के ही निर्मला बाई, सुरेंद्र, रूपल, धनीराम और विष्णु प्रसाद का शिकार करने में हाथ है जो मुख्य आरोपी महेंद्र गंधर्व की देखरेख में जंगली जानवरों की शिकार करते हैं और इसे खपाने के साथ ही तस्करी भी किया करते हैं। वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए निर्मला बाई, रूपल, धनीराम, सुरेंद्र व विष्णु प्रसाद को गिरफ्तार करने में सफलता पा ली है जबकि मुख्य आरोपी गंधर्व अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों को वन विभाग ने न्यायालय में पेश किया जहां जमानत नहीं होने पर उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया।

*कोरबा। 6 करोड़ रुपए की लागत से कोरबा में महिला जेल पृथक से तैयार किया जा रहा है। इसे स्वीकृति मिली है और आगे की प्रक्रियाओं को बढ़ाया जा रहा है।

# महिला और युवती को बरामद किया पुलिस ने

**कोरबा।** कोरबा की सीएसईबी चौकी पुलिस में दो मामलों में लापता महिला और एक युवती को बरामद कर लिया है बयान की प्रक्रिया जारी है। उनके लापता होने पर परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी जिस पर जांच की जा रही थी।

सिविल लाइन थाना की सीएसईबी चौकी के प्रभारी एसके योगी ने बताया कि बरपाड़ा कोहदीया निवासी जगदीश की 18 वर्ष की पुत्री प्रियंका का पता चलने के साथ उसे बरामद कर लिया गया है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 14 अटल आवास पंप हाउस कॉलोनी क्षेत्र में नीलिमा यादव 25 वर्ष पति रामदेव को भी रिकवर कर लिया गया है। बिना बताए यह दोनों कहीं चली गई थी और इससे परिजन परेशान थे। पुलिस को जानकारी देने के बाद खोजबीन की जा रही थी। पुलिस ने कहा की औपचारिक लिखापड़ी के साथ इस मामले को क्लोज किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि लापता इंसानों के मामले में खोजबीन के लिए ऑपरेशन मुस्कान पर काम किया जा रहा है।

# एसईसीएल का कोयला उत्पादन पहुंचा 50 मिलियन टन के करीब

**कोरबा।** एसईसीएल का कोयला उत्पादन चालू वित्तीय वर्ष में 50 मिलियन टन के करीब पहुंच चुका है। एसईसीएल को 206 मिलियन टन सालाना लक्ष्य मिला है। एसईसीएल का अब तक का उत्पादन 47.85 मिलियन टन हो चुका है और 50 एमटी खनन के करीब है।

दूसरी तिमाही के जुलाई माह के दूसरे पखवाड़े में 5 से 6 दिनों के भीतर एसईसीएल 50 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को पार कर लेगा। मगर सबसे अधिक चिंता का कारण रोजाना का एसईसीएल को लक्ष्य हासिल करना है, जो 4 लाख 51 हजार टन है। मंगलवार को भी रोजाना का कोयला उत्पादन 4 लाख 14 हजार टन रहा। मानसून में खुली खदान गेवरा, कुसमुंडा व दीपका से कोयला उत्पादन बेहतर माइन प्लानिंग से करना होगा। रोजाना के लक्ष्य को हासिल करने में तीनों खदानों की बेहतर भागीदारी से संभव हो पाएगा।यही कारण है कि एसईसीएल मुख्यालय के निदेशक तकनीकी कापरी गेवरा पहुंचे और कोल कंपनी के माइंस में उतरकर खनन फेस तक गए थे। सीएमडी भी लगातार दौरा कर रहे हैं। अफसर बताते हैं कि बारिश के कारण कोल कंपनी का निगेटिव ग्रोथ 5 फीसदी है। जिसे मानसून की विदाई के बाद बारिश थमने पर उत्पादन में वृद्धि कर लेंगे और अभी जो कोयला उत्पादन में प्रभाव पड़ा है उसकी भरपाई कर लेंगे। तीन खुली खदानों के आसपास गांवों की जमीन अधिग्रहण से भविष्य में नए खनन फेस खुलेंगे। जिसे चालू वित्तीय वर्ष में भी फेस से खनन शुरू करने की है। इससे उत्पादन बढ़ने पर 206 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को हासिल करने में सहायक बनेगी।



# शारदा विहार क्रासिंग के गड्ढे कर रहे परेशान

**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 12 शारदा विहार क्षेत्र के अंतर्गत यहां की रेलवे क्रासिंग पर बने हुए गड्ढे लोगों को परेशान कर रहे हैं। रेलवे ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया है कि ट्रैक मरम्मत की जिम्मेदारी हमारी नहीं है और बालको व सीएसईबी जिम्मेदारी को रेलवे पर थोप रहा है।

पिछले कई महीने से रेलवे क्रासिंग पर बने हुए गड्ढे बारिश के मौसम में और ज्यादा बढ़ गए हैं। रेलवे ने कुछ समय पहले बड़े आकार के पेवर ब्लॉक के साथ ट्रैक के बीच के हिस्से को पैक किया था लेकिन बीच के गैप को सही तरीके से नहीं भरा गया। रेलगाड़ी के गुजरने से होने वाले दबाव ने यहां की स्थिति खराब कर दी। ऐसे में गड्ढों का दायरा बढ़ गया और अब छोटे-बड़े वाहन आए दिन यहां से गुजरने के दौरान फंस रहे हैं। छोटी गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही हैं जिससे लोग जोखिम में पड़ रहे हैं। शिकायत है कि रेलवे और संबंधित प्रबंधन समस्या को जानने के बावजूद सुधार के लिए ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से कहा है कि वह जनहित से जुड़े इस मामले में हस्तक्षेप कर सुधार कराए।



# बालको क्षेत्र के मंदिर परिसर में लगाए गए उपयोगी पौधे



**कोरबा।** जिला कोरबा की गौ सेवा गतिविधि टीम ने आज गुरु पूर्णिमा के शुभ पावन दिवस पर मन्दिर प्रांगण में औषधी वृक्ष लगायें। जिसमें श्री सिद्धेश्वर दक्षिणमुखी हनुमान मन्दिर सेक्टर 5 बाल्को, श्री गायत्री मन्दिर भदरापारा, श्री अंबिका मन्दिर पाड़िमार में सीता अशोक नामक औषधी वृक्ष लगाये गये। एवं अन्य औषधी वृक्ष आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर भदरापारा में लगाये गये। साथ ही अन्य मन्दिरों व विशेष जगहों पर लगाये जाने की योजना है।

इस अभियान में श्रीहनुमान मन्दिर समिती अध्यक्ष गोपाल केडिया , आयुर्वेद विशेषज्ञ श्री अर्जुन श्रीवास , जिला गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल , गायत्री मन्दिर समिति सद्स्य, श्री रामकृष्ण गौ सेवा समिति सद्स्य सचिव उत्तम प्रजापति, सह सचिव दौलतराम सोनी, सद्स्य पुष्पेद्र महन्त, नर्मदासेवा समिति सद्स्य राजकुमार राठौर आदि लोग उपस्थित रहे।

# कम्बोडिया एशियन सीनियर के पहले चरण की पात्रता तय करने राष्ट्रीय किक बाक्सिंग में हिस्सा लेंगे जिले के सात खिलाड़ी

**कोरबा।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में गोवा किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में मापुसा गोआ में दिनांक 24 से 28 जुलाई 2024 तक सीनियर एवं मास्टर्स महिला एवं पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा , कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राज्य के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन रायपुर में आयोजित 11 वी राज्य स्तरीय जूनियर किकबाक्सिंग प्रतियोगिता एवं गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। उक्त प्रतियोगिता किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन , म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में राज्य के 50 महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे। इन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, मुंगेली, धमतरी सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी महासचिव आकाश गुरुदीवान के नेतृत्व में इंटरनेशनल रेफरी मयंक डडसेन, मनीष बाग, नजमा खान तथा कोच के रूप में विशाल हियाल के साथ हिस्सा ले रहे। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा से पुरुष वर्ग में अशोक साहू, प्रभात साहू, अंकुश लाल यादव, शुभम यादव, अभिषेक खांडेकर, कृष्णा डडसेना, जगदीश यादव, एवं महिला वर्ग में वरिष्ठ खिलाड़ी प्रतिभा राय एवं लोकिता चौहान भाग ले रहे।

बताया गया कि चैंपियनशिप पूरी तरह से डिजिटल है, यानी, सदस्य पंजीकरण, इवेंट भागीदारी, स्कोरिंग, परिणाम सभी ग्लोबल स्पोर्टडेटा इवेंट मैनेजमेंट सिस्टम और आरस्पोर्ट्स सदस्यता प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को कंबोडिया में आयोजित सीनियर वर्ग की एशियन किकबाक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए चयन का प्रथम चरण भी माना जाएगा। राज्य की टीम के सभी खिलाड़ियों एवं आफिशियल को किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, महासचिव आकाश गुरुदीवान, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नौशाद खान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफर, जिला खेल अधिकारी दिनु पटेल, रामकृपाल साहू, क्रीड़ा अधिकारी के आर टण्डन, क्रीड़ा भारती कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, मनीष बाग, रघुआथ नायक, वेंकटेश दास मानिकपुरी, सरवर एक्का, दुर्गेश पटेल, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा सहित अभिभावकों व खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।



### विभागीय व्यवस्था से खिलाड़ियों को मिले ट्रैकशूट

टीम रवाना होने से पूर्व संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा सभी किकबाकसर को ट्रैकसूट प्रदान किया गया। जिसका वितरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायपुर ओम प्रकाश शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर निरीक्षक राजेश मालाकार एवं रत्नेश तिवारी उपस्थित रहे।














































स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com